श्रावण शुक्ल पक्ष दशमी 10:27 उपरांत एकादशी, विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 15 अगस्त 2024
वर्ष 4, अंक 179, पृष्ठ 20+16=36
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



1,037 पुलिस पदकों की घोषणा 16
दलीप ट्राफी के लिए तैयार गिल, पंत और जडेजा 17








LSC **LSC AUTOWHEELS PVT. LTD.** Jeep
(A Unit of Kumar Group of Industries)
Mohabewala Industrial Area, Opp. Manav Kendra Saharanpur Road, Post Office Road, Clement Town,
Dehradun, Uttarakhand 248002
Website: www.lscautowheels.jeep-india.com FOR ANY QUERIES :- 8191999120, 8954800123
Corporate Office : Kumar Oxygen Compound, Rampur Road, U.S.Nagar, Rudrapur, Uttarakhand 263153

Happy Independence Day
ISO 9001:2015
**Master Ashirwad Group**
Once a Customer is always a Customer
We Master Ashirwad Group is a prominent firm engaged in providing integrated transportation and logistics with Master Ashirwad Roadways and Master Ashirwad Logistics Pvt. Ltd.


GROUP OF COMPANIES :-
- MASTER ASHIRWAD ROADWAYS
- MASTER ASHIRWAD LOGISTICS PVT. LTD.
- MASTER ASHIRWAD MOTORS PVT. LTD.
- MASTER ASHIRWAD CNG & FUEL STATION



AVAILABLE VEHICLES :-
- 14 FT.
- 22 FT.
- 19 FT.
- 32 FT.
- 20 FT.
- TRAILORS
- OPEN BODY & CONTAINER

FACILITY :-
- VEHICLE TRACKING SERVICE
- SEAL FACILITY
- GPS TRACKING SYSTEM
- DIGI LOCK FACILITY





SPECIALIST IN :-
- 32 Feet Single Axle & Multi Axle Container Available for All Over India
- NEPAL
- BHUTAN
- BANGLADESH

SERVICES :-
- FULL TRUCK LOAD
- PART LOAD
- FAST MODE
- TRAILER
- 3PL WAREHOUSE LOGISTICS
- TRAIN
- AIR




BRANCHES :-
❖ NORTH ZONE :
● RUDRAPUR, HARIDWAR, SITARGANJ, DELHI(NCR) & GURGAON
❖ WEST ZONE :
● PUNE & GOA
❖ SOUTH ZONE :
● BANGLORE, HOSUR & CHENNAI



ARVIND GANGWAR
Managing Director

TATA ATHORISED SERVICE STATION

ADDRESS : H.O. 206, 2nd FLOOR, PSA PLAZA, NAINITAL ROAD RUDRAPUR U.S. NAGAR (UTTRAKHAND) 263153
Email:support@masterashirwad.com Ph No. 8006087107,8126107107,893801107 Toll Free No: 18002707107 Web: www.masterashirwad.com


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तारा चन्द्र घिल्डियाल प्रदेश महामंत्री, उत्तराखण्ड लेखपाल संघ
समस्त क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमिता लोहनी
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिशुपाल सिंह रावत प्रबंध निदेशक ग्रीन फील्ड एकेडमी, पीरूमदारा
आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदीप रावत प्रबंध निदेशक, USR INDU PUBLIC SCHOOL
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अभिषेक अग्रवाल
सर्जन बृजेश हॉस्पिटल, रामनगर नैनीताल
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोपाल दत्त जोशी संरक्षक
महेश दत्त तिवाड़ी प्रधानाचार्य
अमन जोशी प्रबंधक
जय मोहन इंटर कॉलेज कानिया, रामनगर
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
इंदर रावत भाजपा नेता
रेखा रावत ब्लॉक प्रमुख, रामनगर
77वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Independence Day
विजयपाल सिंह रावत
Happy Independence Day
This independence Day, let's take independence from tooth cavities
Shankar Dental Clinic
+91 9759320007, +91 7817879007
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. निकुंज अग्रवाल पॉलीक्लीनिक
डॉ. निकुंज अग्रवाल एम. डी. फिजिशियन
डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ
मो.: 8630906242, 6397496769
स्वतंत्रता दिवस
की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नॉदर्न प्लाईवुड
संदीप गुप्ता
निदेशक, एवं समस्त स्टाफ नयागाँव, रामनगर
समस्त क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
अमरीक सिंह (मिक्का)
बदेशा स्टोन क्रेशर, सोबनपुर
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम प्रकाश मुरली सामाजिक कार्यकर्ता
लता देवी
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
मदन जोशी अध्यक्ष, नगर मण्डल, रामनगर
समस्त क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द्र रजवार
वन क्षेत्राधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग काशीपुर रेंज
आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शेखर तिवारी वन क्षेत्राधिकारी कोसी रेंज रामनगर
सुधि पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित खोलिया संस्थापक हल्द्वानी ऑनलाइन 2011
सुधि पाठको एवं विज्ञापन दाताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धार्थ पपनै ब्यूरो प्रमुख, रामनगर
समस्त क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश चंद्र आर्या तराइ पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आसिफ इकबाल वरिष्ठ पत्रकार रामनगर
आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीवान सिंह बिष्ट विधायक, रामनगर
स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बिंदर पाल उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
शोभा कांडपाल
विपिन कांडपाल
ADARSH BAL ACADEMY
समस्त क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
त्रिलोक चंद्र एम0 डी0
पुष्पा बलोदी को-ऑर्डिनेटर
आदर्श बाल अकादमी हाई स्कूल टांडा मल्लू, रामनगर, नैनीताल
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नवजोत सिंह ग्रेवाल
समस्त क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भुवन सिंह डंगवाल
हर एक दिल में हिंदुस्तान है, राष्ट्र के लिए मान-सम्मान है।
आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश जोशी
पीरूमदारा पुलिस चौकी प्रभारी
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल रावत
नगर उपाध्यक्ष भाजपा रामनगर (नैनीताल)
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मिथिलेश डंगवाल
राहुल डंगवाल
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
LE RESERVE CORBETT
THE RIVER EDGE CORBETT
LEELA VILAS
THE EDGE INFRATECH
करन तिवारी
HAPPY INDEPENDENCE DAY
15 AUGUST
Shining Star Public School
Maldhan Road Bhagotpur Tadiyal, Ramnagar, India, Uttarakhand
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर ज़फ़र सैफी
रुबीना सैफी
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय छिम्वाल
वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सामाजिक कार्यकर्ता
ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल
हिम्मतपुर ब्लॉक रामनगर, नैनीताल
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ नलिनी श्रीवास्तव प्रधानाचार्य
डॉ प्रसून श्रीवास्तव निदेशक
आप सबके सहयोग से उपटा नित नए पायदान की ओर अग्रसर...
UPTA
उत्तराखण्ड पॉलीटेक्निक टीचर्स शिक्षक संघ
आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश बाबू अध्यक्ष
डॉ. प्रजापति पलड़िया महासचिव
अमरदीप कोषाध्यक्ष
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एडवोकेट गौरव गोला
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
Hindustan Meri Jaan
न्यू रामनगर स्टॉन कम्पनी, शिवलालपुर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती मीना पांथरी
प्रधानाचार्य मदर्स गलोरी पब्लिक स्कूल टांडा मल्लू, रामनगर



लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार





बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के घरों में लगाई आग 18

रोहित वनडे रैंकिंग में बाबर के बाद दूसरे स्थान पर 17


## देहरादून में कोबरा गैंग का विदेशी पैडलर गिरफ्तार

ब्यूरो, देहरादून

- 31 लाख रुपये की 44.50 ग्राम कोकीन के साथ दबोचा

**अमृत विचार :** देहरादून पुलिस ने कोबरा गैंग के विदेशी पैडलर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 31 लाख कीमत की 44.50 ग्राम कोकीन बरामद की गई है।

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर राजपुर थाना पुलिस द्वारा होटल, रेस्टोरेंट, बार में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में चेकिंग की जा रही थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि कोबरा गैंग का मुख्य पैडलर देहरादून में होने वाली एक पार्टी में दिल्ली से कोकीन सप्लाई करने आया है। थानाध्यक्ष पीडी भट्ट के नेतृत्व में पुलिस ने धोरण पुल कैनाल रोड के पास से विदेशी नागरिक तंजानिया निवासी पास्कै जॉन को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 44.50 ग्राम अवैध कोकीन, बैटरीयुक्त इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कोकीन दिल्ली से लाता है तथा डिमांड के हिसाब से देश के अलग-अलग हिस्सों में एजेंट को सप्लाई करता है। देहरादून में भी उसके द्वारा शहर में आयोजित बड़ी पार्टियों, कॉलेज व अन्य जगहों पर कोकीन सप्लाई कर चुका है।

# राज्यों को केंद्र, खनन कंपनियों से बकाया कर वसूलने की अनुमति

### सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला, क्रमबद्ध तरीके से रॉयल्टी तथा कर पर 1 अप्रैल 2005 से बकाया लेने की अनुमति दी

नई दिल्ली, एजेंसी



खनिज संपन्न राज्यों को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने उन्हें खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार से 12 वर्ष में क्रमबद्ध तरीके से रॉयल्टी तथा कर पर एक अप्रैल 2005 से बकाया लेने की बुधवार को अनुमति दे दी।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि 25 जुलाई के आदेश को आगामी प्रभाव से लागू करने की दलील खारिज की जाती है। पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि इस अदालत ने उसके समक्ष आए सवालों का 8:1 के बहुमत से 25 जुलाई को जवाब दे दिया था और खदानों तथा खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार राज्यों को दिया था। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई का फैसला सुनाने के बाद केंद्र सरकार ने इस फैसले को आगामी प्रभाव से लागू करने का अनुरोध किया था और मामले पर 31 जुलाई को सुनवाई की गयी थी। केंद्र ने खनिज संपन्न राज्यों को 1989 से खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर लगाई गई रॉयल्टी उन्हें वापस करने की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि इसका असर नागरिकों पर पड़ेगा और प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) को अपने खजाने से 70,000 करोड़ रुपये निकालने पड़ेंगे। पीठ ने कहा यह दलील खारिज की जाती है कि खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम (एमएडीए 25 जुलाई के आदेश) को आगामी प्रभाव से लागू किया जाए। उसने केंद्र और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों समेत खनन कंपनियों द्वारा राज्यों को बकाए के भुगतान पर शर्तें लगायीं।

न्यायालय ने कहा राज्य एमएडीए (25 जुलाई के आदेश) में निर्धारित कानून के अनुसार, संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-2 की प्रविष्टि 49 और 50 से संबंधित कर मांग सकते हैं या नए सिरे से कर की मांग कर सकते हैं। कर की मांग एक अप्रैल 2005 से पहले के लेनदेन पर नहीं होनी चाहिए।

#### 12 वर्ष की अवधि में किस्तों में भुगतान करने का समय दिया

पीठ ने कहा राज्यों द्वारा कर लेने के लिए 1 अप्रैल 2026 से 12 वर्ष की अवधि में किस्तों में भुगतान करने का समय दिया जाएगा। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि 25 जुलाई, 2024 से पहले राज्यों द्वारा केंद्र और खनन कंपनियों से की गई करों की मांग पर ब्याज और जुर्माना सभी करदाताओं के लिए माफ कर दिया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि इस फैसले पर पीठ के आठ न्यायाधीश हस्ताक्षर करेंगे, जिन्होंने बहुमत से 25 जुलाई का फैसला दिया था जिसमें राज्यों को खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार दिया गया था। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति नागरत्ना बुधवार के फैसले पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी क्योंकि उन्होंने 25 जुलाई को अलग फैसला दिया था। झारखंड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि अब भी एक मुद्दा है कि खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर रॉयल्टी वसूलने के लिए राज्य के कानून को बरकरार रखने की जरूरत है जिसे रद्द कर दिया गया था।

### शुभकामना/सूचना

समस्त सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को अमृत विचार कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा। – संपादक

### एक नजर

#### वरिष्ठ आईएएस गोविंद मोहन केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किए गए

नई दिल्ली। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी गोविंद मोहन को बुधवार को अजय कुमार भल्ला के स्थान पर केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया गया है। गोविंद फिलहाल संस्कृति मंत्रालय के सचिव हैं। वह गृह मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्यभार संभालेंगे। उत्तर प्रदेश के रहने वाले मोहन ने अक्टूबर 2021 में संस्कृति मंत्रालय में सचिव नियुक्त होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य किया था। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से बीटेक और आईआईएम, अहमदाबाद से पीजी डिप्लोमा करने वाले अधिकारी मोहन ने सिक्किम सरकार में भी विभिन्न पदों पर काम किया है।

#### इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में इनामी नक्सली दंपती ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मलांगेर क्षेत्रीय कमेटी के सदस्य भीमा उर्फ पवन माड़वी (28) पर पांच लाख का और उसकी पत्नी प्लाटून नंबर 31 की सदस्या विमला मड़काम (25) पर दो लाख का इनाम था। नक्सली दंपती ने लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान से प्रभावित होकर तथा नक्सली नेताओं के व्यवहार से तंग आकर नक्सलवाद छोड़ने का फैसला किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला और बारूदी सुरंग में विस्फोट करने जैसी घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

#### चार करोड़ की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम की बराक घाटी के करीमगंज और कछार से करीब चार करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की गई और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि असम पुलिस ने करीमगंज और कछार में दो अलग-अलग मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाए।

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर कैंडल मार्च वालों की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण : धामी

### मुख्यमंत्री बोले- बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही है बर्बरता तो सब मौन हैं

देहरादून, एजेंसी



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छोटी-छोटी घटनाओं पर 'कैंडल मार्च' निकालने वाले लोगों को आड़े हाथों लेते हुए बुधवार को कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही बर्बरतापूर्ण घटनाओं पर कोई आवाज नहीं उठाया जाना बहुत 'दुर्भाग्यपूर्ण' है

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ बर्बरतापूर्ण घटनाएं हो रही हैं और उनके साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। उन्होंने इस संबंध में 1947 और 1971 की घटनाओं को याद करते हुए कहा कि यह हमेशा से होता आया है और अब फिर दोहराया जा रहा है। धामी ने कहा देश के अंदर हमारे यहां तमाम छोटे-छोटे वाकयों के कारण कोई कैंडल मार्च निकालता था, कोई विरोध प्रदर्शन करता था लेकिन आज कोई आवाज नहीं उठा रहा है और निश्चित रूप से यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने हालांकि कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जिस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं, उस पर देश के अंदर से ये आवाज जानी चाहिए कि हम सब लोग उनके साथ हैं। धामी ने विभाजन की विभीषिका को एक बड़ी त्रासदी और नरसंहार बताते हुए कहा कि करोड़ों लोगों को इसका दंश झेलना पड़ा। अनेक लोग बेघर हो गए, कई अन्य हमारे बीच से चले गए, लोग अपनों से बिछड़ गए। निश्चित रूप से यह एक बड़ी त्रासदी थी, एक बड़ा नरसंहार था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश आज 'विभाजन विभीषिका दिवस' का स्मरण कर रहा है कि आजादी कितनी कठिनाई से मिली है और कितने लोगों को इसके लिए बलिदान देना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारे नौजवान और आने वाली पीढ़ी इस दिवस को हमेशा अपनी स्मृति में रखे कि उन्हें जो आजादी मिली है, वह इतनी आसानी से नहीं मिली।



उप्र के मुख्यमंत्री योगी सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा स्थल से लोकभवन, लखनऊ तक आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा में सम्मिलित हुए।

#### विभीषिका स्मृति दिवस पर आदित्यनाथ बोले- अस्मिता बचाने को चिल्ला रहे डेढ़ करोड़ हिंदू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बांग्लादेश में अस्मिता बचाने के लिए डेढ़ करोड़ हिंदू. चिल्ला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि महर्षि अरविंद ने कहा था पाकिस्तान समाप्त होगा या उसका भारत में विलय होगा। उन्होंने कहा कि विभाजन त्रासदी के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। आज भी देश आतंकवाद के रूप में दंश झेल रहा है। मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर चुप रहने वालों को मानवता का दुश्मन ठहराते हुए उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने इतिहास के काले अध्याय से पर्दा उठाकर गलतियों के परिमार्जन के लिए रास्ता बनाने का आह्वान किया है।

## पुलिस अफसरों को राष्ट्रपति देंगी सराहनीय सेवा के लिए सम्मान

**देहरादून, अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर राज्य के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

- पुलिस महानिदेशक ने चयनित अफसरों और कर्मियों को दीं शुभकामनाएं

चयनित अफसरों में नीरू गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक, अग्निशमन एवं आपात सेवा, जगत राम, पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, सरिता डोबाल, अपर पुलिस अधीक्षक, जीआरपी, ऋषि बल्लभ कोठियाल, अपर उप निरीक्षक स0पु0, पुलिस मुख्यालय, हरक सिंह, दलनायक, एसडीआरएफ हैं। इसके अलावा देहरादून के लीडिंग फायरमैन दिगम्बर प्रसाद, लीडिंग फायरमैन व प्रबोधन सिंह नेगी शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने समस्त पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

## आगामी 20 से शुरू होगा फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम

देहरादून, एजेंसी

- एक मतदेय स्थल/एक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से नियमानुसार हटाए जाने के लिए हो रही कवायद

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से उत्तराखंड में आगामी 20 अगस्त से विधानसभा मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) का सत्यापन किया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने बुधवार को बताया कि 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य, मतदाता सूची/ईपीआईसी में विसंगतियों को दूर करना, मतदेय स्थलों, अनुभागों का पुनर्निर्धारण एवं कन्ट्रोल टेबल को अद्यतन करने का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह कार्य आलेख्य निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित तैयार करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को एकीकृत निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशित किया जायेगा तथा 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावे अथवा आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। डॉ. पुरुषोत्तम ने बताया कि 09 से 10 नवम्बर तथा 23 से 24 नवम्बर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा छह जनवरी को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

यदि किसी अर्ह नागरिक का नाम वर्तमान निर्वाचक नामावली में एक ही मतदेय स्थल पर एक से अधिक बार या एक ही विधानसभा क्षेत्र में एक से अधिक मतदेय स्थल पर अथवा एक से अधिक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में पंजीकृत है, तो ऐसे किसी भी निर्वाचक का नाम किसी एक मतदेय स्थल/एक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से नियमानुसार हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## केजरीवाल को नहीं मिली राहत कोर्ट का सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर बुधवार को नोटिस जारी किया।

केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 5 अगस्त को अपनी याचिका ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को (दोनों याचिकाओं पर) अपना पक्ष रखने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 अगस्त को करेगी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखते हुए दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मुकदमे में शीर्ष अदालत ने तीन मौकों पर अंतरिम जमानत दी है।

## स्वदेशी वैक्सीन डेंगीऑल का देश में परीक्षण शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीएमआर ने पैनेसिया बायोटेक के साथ मिलकर तीसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण की शुरुआत की

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भारतीय औषधि कंपनी पैनेसिया बायोटेक के साथ मिलकर भारत में डेंगू की स्वदेशी डेंगू वैक्सीन- डेंगीऑल के तीसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण की शुरुआत की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण पैनेसिया बायोटेक भारत की स्वदेशी टेट्रावैलेंट डेंगू वैक्सीन- डेंगीऑल के प्रभाव का मूल्यांकन करेगा। इस परीक्षण में पहले प्रतिभागी को रोहतक में पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में टीका लगाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने इस पर कहा भारत की पहली स्वदेशी डेंगू वैक्सीन के लिए इस चरण तीन नैदानिक परीक्षण की शुरुआत डेंगू के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। यह हमारे नागरिकों को इस व्यापक बीमारी से बचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और वैक्सीन अनुसंधान और विकास में भारत की क्षमताओं को रेखांकित करता है।

## मोदी लाल किले पर 11वीं बार फहराएंगे तिरंगा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार 11वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस अवसर पर लालकिले की प्राचीर से अपने संबोधन में में जहां वह अपनी सरकार का एजेंडा रखते हैं, रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हैं, महत्वपूर्ण नीति और कार्यक्रम की घोषणा करते हैं वहीं देश के समक्ष ज्वलंत मुद्दों के बारे में बात भी करते हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर अपने तीसरे कार्यकाल के पहले संबोधन में वह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पीछे छोड़ देंगे। मनमोहन सिंह ने 2004 से 2014 के दौरान लाल किले की प्राचीर से 10 बार तिरंगा फहराया था। इस मामले में मोदी जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। नेहरू को यह सम्मान 17 और इंदिरा को 16 बार मिला था।

#### संबोधन में विकसित भारत व बांग्लादेश मुद्दे पर होगा जोर

विकसित भारत का विषय उनके संबोधन में प्रमुखता से छाया रह सकता है। माना जा रहा है कि वह अपने संबोधन में बांग्लादेश में संकट की स्थिति, विशेष रूप से अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाए जाने का उल्लेख भी कर सकते है। ऐसा इसलिए हो सकता कि कई हिन्दू संगठनों ने इस मुद्दे को मजबूती से उठाया है और उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हिंसा की घटनाओं का विरोध सड़क पर उतर कर किया है।

#### समारोह में छह हजार विशेष मेहमान आमंत्रित

नई दिल्ली। इस वर्ष लाल किले पर समारोह देखने के लिए लगभग 6,000 विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। युवाओं, आदिवासी समुदाय, किसानों, महिलाओं और अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में वर्गीकृत जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के इन लोगों ने सरकारी योजनाओं की मदद से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने लाल किले पर पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे।

## संजय को फिलहाल नहीं मिली राहत

- वर्ष 2001 में सड़क जाम करने का मामला

**लखनऊ।** वर्ष 2001 में सुल्तानपुर जनपद में सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन करने के एक मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह को फिलहाल कोई राहत नहीं दी है। न्यायालय ने उनकी पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए, पूछा है कि जब निचली अदालत के समक्ष आत्म समर्पण से छूट का कोई प्रार्थना पत्र ही नहीं दाखिल किया गया है तो याची इस राहत की मांग कैसे कर सकता है। न्यायालय ने इस बिन्दु पर सुनवाई के लिए अगली तिथि 22 अगस्त की नियत की है।




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



वात्सल्य
मदर एण्ड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल
(An Advanced Newborn Care Centre)

DR. PRAMOD PRAJAPATI (M.D.)
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक :- सफदरगंज हॉस्पिटल नई दिल्ली एवं सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, हल्द्वानी

DR. NIDHI ARYA PRAJAPATI
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक :- महिला चिकित्सालय हल्द्वानी KGMU लखनऊ, ESI हॉस्पिटल नई दिल्ली

हल्द्वानी का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त
जच्चा बच्चा केन्द्र

उपलब्ध सुविधायें
- नवजात शिशु एवं बाल रोग ओ.पी.डी.
- आधुनिक NICU/PICU
- फोटोथेरेपी / CPAP / वेंटिलेटर
- Exchange Transfusion / Therapeutic Hypothermia
- समय से पहले पैदा हुए व कमजोर नवजात के लिए विशेष सुविधा।
- समस्त प्रकार का टीकाकरण।
- अस्थमा एवं एलर्जी का इलाज।
- बच्चों में व्यवहार सम्बन्धित समस्याओं का इलाज।
- बच्चों में वजन व लम्बाई सम्बन्धित समस्याओं का इलाज।
- स्त्री एवं प्रसूति रोग ओ.पी.डी.
- दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी।
- सिजेरियन डिलीवरी
- High Risk Pregnancy (High BP, High Sugar, IUGR) खून की कमी, Prematurity
- बच्चेदानी (Uterus) एवं अंडेदानी (Ovary) की सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
- किशोरी व युवती की माहवारी एवं अन्य बीमारियों का इलाज।
- अनियमित माहवारी का इलाज।
- बांझपन (Infertility) का इलाज।
- Indicated M.T.P.
- PAP Smear की सुविधा।

एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध है। 24X7 EMERGENCY
पता : निकट KVM स्कूल, हीरानगर, मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल)
M : 9450065233, 9450301701

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

NABH एवं मान्यता प्रमाणित
तिवारी मैटरनिटी सेंटर एवं नर्सिंग होम
(जयश्री हॉस्पिटल)



हल्द्वानी का ART प्रमाणित
IVF सेंटर
अब आई.वी.एफ. (IVF) की मदद से करें
"घर में नन्हीं खुशियों का स्वागत"

दिनांक : 18 अगस्त, 2024 (रविवार) IVF Center तिवारी मैटरनिटी सेन्टर में फ्री IVF OPD कैंप का आयोजन किया जा रहा है।
कैम्प में IVF पैकेज पर विशेष छूट
सम्पर्क करें : 7456823494

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
डॉ. जयश्री तिवारी
MBBS, MS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

जनरल मेडिसिन विभाग
डॉ. मोहन तिवारी
MBBS, MD, (Medicine)
फिजिशियन

जनरल सर्जरी विभाग
डॉ. पी.सी. फुलोरिया
MBBS, MS
जनरल सर्जन

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
डॉ. गरिमा खन्ना
MBBS, MS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

शिशु रोग विभाग
डॉ. प्रदीप पन्त
MBBS, M.D.
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ

कैंसर रोग विभाग
डॉ. योगेन्द्र सिंह भाकुनी
MBBS, MS, DNB, (Surgical Oncology)
कैंसर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

पैथोलॉजी विभाग
डॉ. संजय पन्त
MD, Pathology
पैथोलॉजी

सोनोग्राफी
डॉ. एन.बी. तिवारी

IVF (टेस्ट ट्यूब बेबी) विभाग
डॉ. उषा जोशी
MBBS, DGO, DIP

उपलब्ध सुविधाएं
- नॉर्मल डिलिवरी / सिजेरियन डिलिवरी
- इंफर्टिलिटी ट्रीटमेन्ट • कॉलपोस्कोपी
- हिस्टोस्कोपी • आई.यू.आई. • मधुमेह
- हाईपरटेंशन
- लैप्रोस्कोपिक व जनरल सर्जरी
- एन.आई.सी.यू., आई.सी.यू.
- इम्यूनाइजेशन (टीकाकरण)
- एम्बुलेंस व एमर्जेन्सी सर्विस
- मॉड्यूलर ओ.टी. • डीलक्स रूम
- अल्ट्रासाउण्ड एण्ड एक्स-रे

निकट मुखानी चौराहा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)
Mob.: 7060067823, 05946-264555

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

(NABH Certified Hospital)
SAI HOSPITAL
सांई हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर

हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
एडवांस न्यूरो सर्जरी विभाग
हृदय रोग विभाग
छाती, फेफड़ा, श्वांस रोग विभाग
गैस्ट्रो सर्जन एवं गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट उदर कैंसर रोग विभाग (प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को)
जनरल एवं एडवांस लैप्रोस्कोपिक विभाग
डाइग्नोस्टिक और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट विभाग
यूरोलॉजी विभाग
फीजियोथैरेपी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह मेडिसिन विभाग
नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग

24 घंटे इमरजेंसी एक्सीडेंट, ऑर्थो एवं न्यूरो ट्रामा के लिए विश्वसनीय अस्पताल
सभी प्रकार के हेल्थ इन्श्योरेंस कार्ड एवं ESIC, ECHS गोल्डन एवं आयुष्मान कार्ड से कैशलेस की सुविधा
आई.सी.यू. एवं आई.सी.यू. वेंटीलेटर युक्त, सीटी स्केन, खून एवं पेशाब क जाँच (पैथोलॉजी) मेडिकल स्टोर, ब्रोकोस्कोपी, डिजिटल एक्स-रे, पीएफटी व एम्बुलेंस की सुविधा।
निकट मुखानी चौराहा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी, फोन नं. 05946-263323, 99634730258
Emergency Department No. 7534805406

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्री राम हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
A UNIT OF 'A THREE HEALTH CARE'

गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी एवं मेडिसिन विभाग
डॉ. अमरपाल सिंह आनन्द
MD, Fellow Gastroentrology
Ex AIIMS, New Delhi

बाल एवं नवजात शिशु रोग विभाग
डॉ. रवि अदलखा
MBBS, MD. Fellowship Pediatric Intensive Care
Ex. Registrar Apollo Delhi
Ex. Sr. Resident PGI Lucknow

जनरल लैप्रोस्कोपिक पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MS (Gen. Surgery)
MCH (Ped. Surgery)

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
डॉ. कृष्णा शाह

भीड़ से बचने के लिए पूर्व अपाइंटमेंट लें : 8755904991
ओपीडी समय : प्रातः 11:00 से 03:00 बजे तक एवं सायं 6:30 से 7:30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

पैथोलॉजी विभाग
डॉ. वन्दना गुप्ता
M.D. (Pathology)

FACILITIES
CASHLESS TPA FACILITY
STAR HEALTH, ADITYA BIRLA, MAX/NIVA BUPA, BAJAJ ALLIANZ, SBI GIC, SAFEWAY, IFFCO TOKIO, CARE HEALTH, HERITAGE HEALTH, GENISIS INDIA, FHPL, UNITED HEALTH, EAST WEST ASSIST, MANIPAL CIGNA, UNIVERSAL SOMPO, TATA AIG, HEALTH INDIA
Now HDFC Ergo General Insurance Company is empanelled with Shri Ram Hospital
Endoscopy, E.R.C.P., E.C.G., Digital X-Ray, Modern Operation Theatre, Pathology Lab, AGB, I.C.U., NICU, General & Private Wards

सिविल लाइन्स, तिकोनिया, नैनीताल रोड, हल्द्वानी।
फोन : 08755904991, 05946-224422, 282751

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 34.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05.41 | सूर्यास्त 06.52 |

# पूछड़ी में घरों को तोड़ने के नोटिस के खिलाफ सड़क पर उतरे ग्रामीण

## जुलूस निकालकर किया धरना-प्रदर्शन, आज सामूहिक भूख हड़ताल का ऐलान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** वन ग्राम पूछड़ी में घरों को तोड़े जाने के नोटिस को वापस लेने तथा निवासियों को मालिकाना हक देने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीण बुधवार को सड़क पर उतर आये। उन्होंने जुलूस निकालकर वन विभाग और सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाये। साथ ही वन परिसर और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। लोगों ने वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाये जाने, किसी भी व्यक्ति को हटाने से पहले उसका पुनर्वास करने की भी मांग की। बाद में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री उत्तराखंड, पौड़ी सांसद व प्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी को ज्ञापन भेजा।

ग्रामीणों ने कहा कि 15 अगस्त को मोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा झंडा लगाने का आह्वान किया है, जब उनके घर ही नहीं रहेंगे तो झंडा कहां फहरायेंगे। उन्होंने घोषणा की कि सरकार ने उनके घरों को तोड़ने का तुगलगी फरमान जारी किया है, इसको लेकर स्वतंत्रता दिवस पर घरों के चूल्हे नहीं जलेंगे। सभी 15 अगस्त को सुबह 10 बजे से लखनपुर




रामनगर में डीएफओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

चौराहे पर सामूहिक भूख हड़ताल पर बैठ कर धरना देंगे।

इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय नैनीताल ने कई बार किसी भी व्यक्ति को हटाने से पूर्व उसके पुनर्वास की व्यवस्था करने को कहा है। चुनाव से पहले भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने वन ग्राम बासियों को बिजली, पानी, सड़क व राजस्व ग्राम का अधिकार दिलाने तथा किसी भी वन ग्राम को नहीं हटाने का वादा किया था, लेकिन कुर्सी मिलने के बाद सांसद बलूनी अपना वादा भूल गये। सभा को मौ. ताहिर, रेनू, मधु चौधरी, सरस्वती जोशी, प्रिया, सुमित लोहनी, चंदन राम, पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी, वन ग्राम विकास संघर्ष समिति के एस लाल, महिला एकता मंच की ललिता रावत, संयुक्त संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, समाजवादी लोकमंच के मुनीष कुमार, गुलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रहेला ने संबोधित किया। संचालन उपपा नेता प्रभात ध्यानी ने किया।




रामनगर में जुलूस निकलते पूछड़ी के ग्रामीण। ● अमृत विचार

**एक नजर**

### जिले में आज बंद रहेंगी शराब की दुकानें

नैनीताल : स्वतंत्रता दिवस पर जनपद की सभी मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी। जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि जनपद में सभी देसी और विदेशी शराब की दुकानें, बार और अन्य एल्कोहल से संबंधित थोक व फुटकर प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### रामनगर में प्रशासन ने सील किए दो रिजॉर्ट

रामनगर : स्थानीय प्रशासन ने दो रिजॉर्ट को अग्रिम आदेशों तक के लिए सीज किया है। बुधवार को तहसीलदार कुलदीप पांडे के नेतृत्व में प्रशासन और पुलिस की टीम ने अतुल्य रिजॉर्ट लदुआचौड़ को सीज कर दिया। इसके बाद टीम ने उत्तराखंड रिजॉर्ट खुसालपुर को भी सीज किया। तहसीलदार ने बताया कि यह कार्रवाई पॉल्युशन बोर्ड के निर्देश पर की गई है। इस दौरान प्रभारी कोतवाल अरुण कुमार सैनी, पॉल्युशन बोर्ड के एआरओ हरीश जोशी, पटवारी राहुल आर्य मौजूद रहे।

# बच्चों ने मछली समझकर सांप खा लिया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पूछड़ी नई बस्ती के दो नन्हे बच्चों ने मछली समझकर सांप को खा लिया। बच्चे सांप के सिर को खाते उससे पहले ही उनकी मां ने देख लिया। गनीमत रही कि सांप जहरीला नहीं था।

ग्राम पूछड़ी नई बस्ती क्षेत्र में प्लास्टिक कूड़ा एकत्र कर आजीविका चलाने वाले एक परिवार के दो बच्चों, जिनमें एक की उम्र 8 वर्ष और दूसरे की लगभग 10 वर्ष है। दोनों ने एक मरे हुए सांप को मछली समझकर पकड़ लिया। बच्चों ने सांप को पास में जल रहे चूल्हे में डालकर पका दिया और खाना शुरू किया। तभी उनकी मां आ गई। उसने जब बच्चों को सांप खाते हुए देखा तो तुरंत छीनकर फेंक दिया। इसके बाद परिजन बच्चों को लेकर तराई पश्चिमी में सांपों को रेस्क्यू करने वाले तालिब हुसैन के पास ले गए। तालिब ने सांप काटने के दौरान उपयोग होने वाली जड़ी-बूटी दोनों बच्चों को दी। बच्चों की किस्मत अच्छी थी कि जिस सांप को उन्होंने खाया वह जहरीला नहीं था। बच्चों ने सांप को पूंछ की तरफ से खाया था। जैसे ही वह सिर खाने वाले थे उनकी मां ने देख लिया। सांप के सिर की ओर जहर होता है, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल दोनों बच्चे ठीक हैं। रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय की सीएमएस डॉ. चंद्रा पंत ने बताया कि ऐसे मामलों में तुरंत पीड़ित को अस्पताल लाना चाहिए।



बच्चों का घरेलू उपचार करते परिजन।

## जनसंवाद शिविर कल शीशमहल में लगेगा

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में शीशमहल स्थित रामलीला मैदान में जन संवाद समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में नगर निगम के बार्ड संख्या-1 से 10 की समस्याओं का समाधान होगा।

अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि 16 अगस्त को सुबह 11 बजे शीशमहल स्थित रामलीला मैदान के जनसंवाद में नगर निगम की सफाई व्यवस्था, जन्म मृत्यु, परिवार रजिस्टर की नकल, दाखिल खारिज के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, वार्ड मे स्ट्रीट लाइट की स्थिति के संबंध समेत कई विभागों की शिकायतों का निस्तारण होगा।

# बस के नीचे सोए युवक की गर्दन पर चढ़ा पहिया, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नशा करके बस के नीचे सोया युवक फिर जाग नहीं सका। बीते मंगलवार की रात को वह बस के पिछले हिस्से में नीचे सो गया। बुधवार की सुबह चालक ने बस बैक की तो टायर युवक की गर्दन पर चढ़ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



मंगलपड़ाव पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश जोशी ने बताया कि पांडे गार्डन निवासी 24 वर्षीय सूरज जोशी पुत्र रघुवीर दो भाइयों में बड़ा था। वह बेरोजगार होने के साथ ही नशे का आदी था। रात को घर जाने के बजाय वह कई बार सड़क पर ही सो जाता था। बीते मंगलवार की रात को सूरज, मंगलपड़ाव चौकी से कुछ दूरी पर सिडकुल के एक कंपनी की बस के पीछे सो गया। सुबह चालक ने बस को स्टार्ट कर बैक किया तो टायर उसपर चढ़ गया। बस के टायर से कुचलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घटना के बाद किसी ने युवक के हत्या की अफवाह उड़ाई। जिसे पुलिस ने सिरे से नकार दिया है।



विशेष स्वच्छता अभियान के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून के गांधी पार्क में लगाई झाड़ू, स्वच्छता का दिया संदेश। ● अमृत विचार

## चार जिलों में सामान्य से कम हुई बारिश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अगस्त में अभी तक कुमाऊं के दो जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश और बाकी चार में कम बारिश हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून एक बार फिर से जोर पकड़ेगा। राहत की बात है मानसून में इस बार अभी तक काफी ठीक बारिश हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार अगस्त माह में अभी तक अल्मोड़ा जिले में सामान्य से 12 प्रतिशत, बागेश्वर जिले में सामान्य से 164 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। इसके अलावा चंपावत जिले में सामान्य से 32 प्रतिशत, नैनीताल जिले में 22 प्रतिशत, पिथौरागढ़ जिले में 12 प्रतिशत और ऊधमसिंह नगर जिले में सामान्य से 15 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जुलाई की अपेक्षा अगस्त में अभी तक मानसून कम सक्रिय रहा है।

# आज की शाम होगी व्यापारियों के नाम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को दोनहरिया स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि आज 15 अगस्त को एक बैंक्वट हॉल में आजादी उत्सव के मौके पर एक शाम व्यापारियों के नाम कार्यक्रम किया जायेगा।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि हल्द्वानी में व्यापारियों के लिए पहली बार सम्मान समारोह आयोजित होने जा रहा है, जिसमें व्यापारियों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस बीमा की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम में बॉलीवुड के कलाकार मनोज वर्मा और अजीज खान देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव जायसवाल उपस्थित रहेंगे और संगठन तथा व्यापारी हित के लिए कई घोषणाएं करेंगे। इस दौरान कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश के जनप्रतिनिधि रहे जीवन सिंह कार्की को संगठन की सदस्यता दिलाते हुए प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी।

साथ ही नीरज प्रभात गर्ग को प्रदेश उपाध्यक्ष, दीपक पाठक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अजय अवध बिहारी शर्मा प्रदेश सचिव, मजीद अली कार्यकारिणी सदस्य, विद्यासागर नगर कार्यकारिणी सदस्य, घनश्याम कृष्णा रुवाली को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष डिंपल पांडे, कल्पना बोरा, लाखन निगल्टिया, अतुल गुप्ता, भवन भट्ट, अनुज कांत अग्रवाल, परविंदर सिंह नागपाल, चंदन बिष्ट, दिगंबर भोजक, बालम जोशी, नारायण दत्त बडोला, कैलाश जोशी, दीप्ति चुफाल, गोपाल रावत, कैलाश बिष्ट, महानगर उपाध्यक्ष शशि सिंह, बिंदेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

# यूएस नगर के 13 अस्पताल आयुष्मान योजना से बाहर



संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आयुष्मान योजना में पंजीकृत ऊधम सिंह नगर के 13 निजी अस्पतालों के पास अग्निशमन विभाग की अनापत्ति नहीं होने की वजह से उन्हें पंजीयन सूची से हटा दिया गया है। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रेडियोलॉजी यूनिट स्टोर में लगी आग के बाद स्वास्थ्य प्राधिकरण ने यह कदम उठाया है।


राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक डॉ. वीएस टोलिया ने सभी अस्पतालों को नोटिस जारी कर आयुष्मान कार्ड पर नए मरीजों के इलाज पर रोक लगा दी है। आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को निशुल्क इलाज की योजना में 293 सरकारी और निजी अस्पताल पंजीकृत हैं, लेकिन इन सभी में से कई अस्पताल ऐसे हैं जिनके पास दमकल विभाग की अनापत्ति नहीं है। ऐसे में इन सभी अस्पतालों को स्वास्थ्य प्राधिकरण में नोटिस जारी करते हुए इन अस्पतालों के सूचीबद्धता को अस्थायी रूप से निरस्त कर दिया है।


**इन अस्पतालों की अनुमति हुई निरस्त**

- कृष्णा हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर सेंटर, यूएसनगर
- महाजन हॉस्पिटल, रुद्रपुर
- महाराजा अग्रसेन चेरिटेबल हॉस्पिटल, रुद्रपुर
- श्रीराम आईकेयर एंड नर्सिंग होम, रुद्रपुर
- स्पर्श हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, खटीमा
- देवकीनंद हॉस्पिटल, काशीपुर
- पैगिया हॉस्पिटल, काशीपुर
- प्रयास हॉस्पिटल, खटीमा
- सहोता सुपरस्पेशियलिटी एंड न्यूरोट्रामा सेंटर, यूएसनगर
- आनंद हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, खटीमा
- डॉ. टूरना सर्जिकल हॉस्पिटल, सितारगंज
- स्वास्तिक हॉस्पिटल, काशीपुर
- तपन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर खटीमा


**तीन घंटे ठप रही गौला से पानी की आपूर्ति**

हल्द्वानी, अमृत विचार : गौला से शीशमहल फिल्टर प्लांट को आने वाली नहर की मरम्मत के चलते तीन घंटे पानी आपूर्ति बंद रही। इससे काठगोदाम, नैनीताल रोड, बाजार क्षेत्र, रामपुर रोड आदि को पानी नहीं मिल पाया। बरसात में सिल्ट और बोल्डर आने से बैराज से शीशमहल फिल्टर प्लांट को आने वाली नहर क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे घरों में नहर से पानी घुसने की समस्या बनीं हुई है। बुधवार को सिंचाई विभाग ने ठोकर बस्ती के पास क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत की। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि सुबह 10 बजे से 12 बजे तक नहर में पानी बंद रहने की सूचना मिली थी। सिंचाई विभाग के एई मनोज तिवारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त नहर में छोड़े जा रहे पानी के रिसाव से बस्ती में एक दर्जन परिवारों के लिए खतरा पैदा हो गया है, इस वजह से नहर की मरम्मत की गई थी। दोपहर को एक बजे सप्लाई सामान्य कर दी गई है।








Happy Independence Day


Wish You All
A Very
Happy
Independence
Day
QUEEN'S
Public School
Queen's
Sr. Sec. School
Affiliated to CBSE (New Delhi)
ENROLL NOW
Civil Lines, Nainital Road, Haldwani
+91-7505437939
Extension Branch : Jawahar Jyoti, Malla Plot, Damuadunga, Haldwani
+91-7895809527, +91-9758516607
www.queenssrsecschool.edu.in
queensseniorsecondarys@gmail.com


Happy
Independence
15
Day
August
BUSY BEES
Rtn. Dr. Pravindra Rautela
Managing Director
Principal, Cynthia Sr. Sec .School
Director, Busy Bees School
Haldwani
CYNTHIA
INTERNATIONAL
SCHOOL
Harakpur Kweera, Lamachaur, Haldwani,
Uttarakhand - 263139
officialmailcis@gmail.com +91 9758244222, 8272033034


Happy
Independence
Day
DIKSHANT
INTERNATIONAL SCHOOL
Junior Branch
(Nursery to Class II)
Mathura Vihar, Opposite Essar Petrol Pump,
Nawabi Road, Haldwani / 8650124808/9219460100
Senior Branch
(Class III to XII)
Udailalpur, RTO ROAD, Haldwani
9719050100/7668845433


Wish you all a Very
Happy
Independence Day
ॐ KAMLA MEMORIAL 卐
WISDOM
SENIOR SECONDARY SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE BOARD, NEW DELHI
Our Facilities
Excellent and Complete Teaching Faculty.
Exphasis on Developing Excellent Communication skills and spoken English.
Curriculum activities to include, music dance etc.
Develop good habits like to pay respect to their elders.
Regular Parents-Teachers Meeting.
R.S. POKHARIYA
M.D.
Chandni Chouk, Ghurdaura (Gorakhipur),
P.O. Devalchaur, Rampur Road, Haldwani (Nainital)
Mob. 9837669364
E-mail ID : wisdompublicschool1926@gmail.com














# जोशीमठ में भूधंसाव को लेकर 28 अगस्त को होगी सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने जोशीमठ में लगातार हो रहे भूधंसाव को लेकर उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पीसी तिवारी की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। पूर्व में खंडपीठ ने याचिकाकर्ता, राज्य सरकार व एनटीपीसी से कहा था कि इस मामले का समाधान करने के लिए नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के समक्ष अपना पक्ष रखें। उस निर्णय पर राज्य सरकार निर्णय ले।

एनडीएमए की रिपोर्ट पर राज्य सरकार ने बैठक की, लेकिन कोई निर्णय नहीं निकला क्योंकि एनटीपीसी जोशीमठ में टनल के निर्माण के लिए ब्लास्ट की अनुमति मांग रहा है। सुनवाई के बाद राज्य सरकार ने इस मामले के समाधान करने के लिए कोर्ट से अतिरिक्त समय मांगा है। सरकार के प्रार्थना पर संतोष व्यक्त करने के बाद खंडपीठ ने अगली के लिए सुनवाई 28 अगस्त की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार पूर्व में एनटीपीसी की तरफ से प्रार्थना-पत्र देकर कहा गया कि उन्हें जोशीमठ में निर्माण व ब्लास्ट करने की अनुमति दी जाए क्योंकि उनकी परियोजना जोशीमठ से 15 किलोमीटर दूर है। इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि इनकी परियोजना 1.5 किलोमीटर दूरी पर है इसलिए इन्हें ब्लास्ट की अनुमति नहीं दी जा सकती। जिस पर कोर्ट ने दोनों से एनडीएमए के पास जाने को कहा था। एनडीएमए ने कोर्ट को बताया कि उसने अंतिम सिफारिश तैयार कर ली है और राज्य को निर्णय लेने के लिए भेज दिया है।

मामले के अनुसार अल्मोड़ा निवासी उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी व चिपको आंदोलन के सदस्य पीसी तिवारी ने वर्ष 2021 में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि राज्य सरकार के पास आपदा से निपटने की सभी तैयारियां अधूरी हैं, सरकार के पास अब तक कोई ऐसा सिस्टम नहीं है जो आपदा आने से पहले उसकी सूचना दे। वहीं उत्तराखंड में 5,600 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाले यंत्र नहीं लगे हैं। उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रिमोट सेंसिंग इंस्टीट्यूट अभी तक काम नहीं कर रहे हैं जिस वजह से बादल फटने जैसी घटनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती। हाइड्रो प्रोजेक्ट टीम के कर्मचारियों के सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। कर्मचारियों को केवल सुरक्षा के नाम पर हेलमेट दिए हैं और आपदा से लड़ने के लिए कोई ट्रेनिंग तक नहीं दी गई और न ही कर्मचारियों के पास कोई उपकरण मौजूद हैं।

## पोखरी में धार्मिक अनुष्ठान से माहौल हुआ भक्तिमय

गरमपानी : समीपवर्ती पोखरी गांव में धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय हो गया। हवन पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। देवी मंदिर में धर्माचार्य कमल किशोर पांडे ने विधि- विधान से यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर में हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद कन्या पूजन हुआ। शाम को विवेक बावरा ग्रुप के कलाकारों ने मंदिर परिसर में शिव पार्वती नृत्य, शिव तांडव समेत कई शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यहां प्रताप सिंह, भूपाल सिंह, आनंद सिंह रहे।

## महिला समूह के प्रयासों की सराहना

**भीमताल :** सीडीओ अशोक पांडे ने सीएम सशक्त बहना उत्सव योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूहों की ओर से लगाये स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला समूह के आजीविका प्रयासों की सराहना की। एपीडी चन्दा फर्त्याल ने बताया कि महिलाओं की ओर से हस्तनिर्मित राखियों तथा स्वतंत्रता दिवस के लिए तिरंगे विक्रय किये जा रहे हैं। इस योजना में इस माह समूहों की लगभग तीन लाख रुपये की आय हुई है, जिससे महिलाओं में काफी उत्साह है।

## तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की

**भीमताल, अमृत विचार :** ग्रामसभा रानीबाग के अक्षय वट तोक में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में डर का माहौल है। शिक्षक दीपक नौगाई ने बताया कि पिछले दिनों तेंदुआ बिमल कुमार के घर से उनके पालतू कुत्ते को उठाकर ले गया। इससे पूर्व तेंदुआ एक महिला पर हमला कर घायल कर चुका है।


फारेस्ट गार्ड को ज्ञापन देते उपप्रधान पवन।

रानीबाग क्षेत्र के उप प्रधान पवन साह ने फॉरेस्ट गार्ड उमेश भट्ट के माध्यम से वन क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन भेजकर रात के समय गांव में गश्त लगाने तथा तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

## शिक्षकों के नियुक्ति की मांग

भीमताल : सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से परेशान क्षेत्रवासियों ने शिक्षा तथा प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। कूकना के पूर्व ग्राम प्रधान मदन नौलिया ने बताया कि हाईस्कूल कैड़ा गांव में गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, गृह विज्ञान के शिक्षक न होने से अभिभावकों को बच्चों को ढोली गांव ज्योस्यूडा इंटर कॉलेज में भेजना पड़ रहा है। पूर्व में लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग को समस्या का निदान करने का आदेश दिया था, लेकिन अभी तक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई है। पूर्व में कई बार डीएम और मंडलायुक्त को भी समस्या से अवगत कराया गया है। नौलिया ने कहा कि यदि शीघ्र विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## संदिग्ध हालात में किशोरी लापता

**गरमपानी :** चापड़ गांव से किशोरी के लापता होने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चला। थक-हार कर परिजन राजस्व उपनिरीक्षक चौकी भुजान पहुंचे। पुलिस हेल्पलाइन 112 में भी सूचना दी गई। नाबालिग के पिता हरीश सिंह के अनुसार बेटी को आखिरी बार पातली के नजदीक देखा गया, उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका है। परिजनों ने अनहोनी का अंदेशा जताते हुए राजस्व और रेगुलर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।
























## सार-संक्षेप



तीज महोत्सव पर अग्रवाल महिला मंच की सदस्य। ● अमृत विचार

### रचना गोयल बनी अग्रवाल महिला मंच की तीज क्वीन

रामनगर : अग्रवाल महिला मंच की ओर से श्री अग्रवाल सभा भवन में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें रचना गोयल को तीज क्वीन चुना गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला झूलने के साथ तीज के गीत गाये। साथ ही लोकगीत और लोक नृत्य के अलावा कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं महिलाओं ने मनभावन खेलों का भी आनंद लिया। इस दौरान मंच की अध्यक्ष मीनू मित्तल, मंत्री रश्मि जिंदल, पूर्व सभासद रेनू रानी अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, डौली अग्रवाल, गीता मित्तल, अर्चना अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, नीलम अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

### ग्रामीण पर संदिग्ध ने किया जानलेवा हमला

गरमपानी : मझेड़ा गांव निवासी भगवती प्रसाद घर से खैरना बाजार की ओर रवाना हुए। वह गांव के पैदल रास्ते पर चुंवारी क्षेत्र के नजदीक पहुंचे ही थे की तभी एक युवक ने उन्हें रोक लिया। युवक ने रास्ते की जानकारी जुटाई। जिस पर भगवती प्रसाद रास्ते के बारे में बताकर आगे बढ़ गए। तभी युवक ने पीछे से आकर उनके सिर पर पत्थरों से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिये। हमले से भगवती प्रसाद जमीन पर निढाल हो गया। स्थानीय लोगों ने लहूलुहान हालत में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी पहुंचाया। घायल के सिर पर गंभीर चोट होने से चिकित्सकों को पंद्रह टांके लगाने पड़े। सूचना पर ग्राम प्रधान भास्कर चंद्र भी अस्पताल पहुंच गए। घटना की सूचना खैरना चौकी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई। हमलावर की तलाश भी की गई पर उसका कुछ पता नहीं चल सका है। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने संदिग्ध युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।



एमबीपीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व प्रोफेसर। ● अमृत विचार

### जस्ट वन मिनट प्रतियोगिता में प्रवीण ने मारी बाजी

हल्द्वानी : एमबीपीजी स्नातकोत्तर डिग्री कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में बुधवार को शिक्षण और शिक्षणेत्तर कार्यक्रम आयोजित किये गए। बुधवार को समापन कार्यक्रम में वाद विवाद प्रतियोगिता और जस्ट वन मिनट प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रियांशी, वंशिका और हर्षिता ने बाजी मारी। वहीं, जस्ट वन मिनट प्रतियोगिता में प्रवीण, प्रखर और अर्श खान ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने विद्यार्थियों को इस तरह के कार्यक्रमों की उपयोगिता के बारे में बताया। विभागाध्यक्ष प्रो. नीलोफ़र अख्तर ने कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी। निर्णायक मंडल में प्रो. महेश कुमार, प्रो. पूर्णिमा भटनागर, प्रो. अंजू बिष्ट, प्रो. शिव नारायण प्रो. कविता बिष्ट, डॉ. आभा त्रिपाठी, डॉ. किरण मिश्रा, डॉ. निर्मल आदि मौजूद रहे।



विधायक दीवान सिंह बिष्ट को आमंत्रण पत्र सौंपते राज्य आंदोलनकारी।

### राज्य आंदोलनकारियों ने विधायक को दिया आमंत्रण पत्र

रामनगर : राज्य निर्माण आंदोलनकारी मंच रामनगर के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट से उनके कार्यालय में मुलाकात की। साथ ही उन्हें 17 अगस्त को हल्द्वानी में होने वाले प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए आमंत्रण पत्र दिया। मंच के संयोजक चंद्रशेखर जोशी के नेतृत्व में राज्य आंदोलनकारियों ने विधायक को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंपा और निराकरण की मांग की। जिस पर विधायक ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में चंद्रशेखर जोशी, नवीन नैथानी, प्रभात ध्यानी, योगेश सती, पान सिंह नेगी शामिल रहे।

### चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रामनगर : एक व्यक्ति ने अपने पुत्र को वाहन से घायल करने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मो. इस्लाम पुत्र मौ. अख्तर निवासी मक्का मस्जिद खताड़ी ने पुलिस को बताया कि समीर, रिहान, साकिब और बिलाल निवासीगण मोती मस्जिद खताड़ी ने वाहन से उसके सात वर्ष के पुत्र को जान बूझकर टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि चारों लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# एमबीपीजी के हाथ लगी जीत, जमकर दौड़े और कब्जाई ट्रॉफी

## पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कराई गई क्रॉस कंट्री रेस, डीएसबी और पीएनजी की टीम रही उप विजेता

संवाददाता, रामनगर



ट्रॉफी के साथ क्रॉस कंट्री रेस के विजेता खिलाड़ी व मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें महिला वर्ग में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी की टीम विजेता तथा डीएसबी कैंपस नैनीताल की टीम उप विजेता रही। वहीं पुरुष वर्ग में एमबीपीजी हल्द्वानी विजेता और पीएनजी रामनगर महाविद्यालय उप विजेता रहा।

इस अवसर पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेन्द्र शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य व मुख्य अतिथि प्रोफेसर एमसी पांडे, कुविवि की ओर से नामित चयनकर्ता प्रो. जीसी पंत एवं उत्तराखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। रैंक प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मंच संचालन डॉ. डीएन जोशी ने किया। इससे पूर्व महाविद्यालय में मिनी गोल्फ कोर्स का क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजन सचिव डॉ. योगेश चन्द्र, प्रो. जगमोहन नेगी, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल, डॉ. पीसी पालीवाल, डॉ. ममता जोशी, डॉ. दीपक खाती, डॉ. कुसुम गुप्ता, डॉ. देव आशीष, डॉ. शिप्रा पंत, डॉ. रश्मि आर्या, अजय सिंह, रंजीत मटियाली, चन्दन नेगी, रमेश खर्कवाल, राजेन्द्र सिंह नेगी, योगेश पांडे, लोकेश पांडे, सरफराज अहमद, जितेन्द्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## रोहित, पलक, मेधा और राजेंद्र निकले सबसे आगे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खेल विभाग, नगर निगम और जिला प्रशासन की ओर से हल्द्वानी में क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता हुई। चार वर्गों में दौड़ आयोजित हुई। सभी वर्ग में प्रथम छह स्थान पाने वालों को पुरस्कृत किया गया है। हर वर्ग की दौड़ की शुरुआत हल्द्वानी स्टेडियम हुई।

पुरुष ओपन वर्ग में मनीष कुमार प्रथम, रोहित कुमार द्वितीय और प्रिंस आर्या को तृतीय स्थान मिला। महिला ओपन वर्ग में पलक कश्यप को प्रथम, हेमा को द्वितीय और वंशिका रजवार को तृतीय स्थान मिला।

जूनियर बालक वर्ग में राजेंद्र रैकुनी को प्रथम, रविंद्र रैकुनी को द्वितीय और नीरज कुमार को तृतीय स्थान मिला। जूनियर बालिका वर्ग में मेधा गोस्वामी को प्रथम, त्रिवेणी खुडका को द्वितीय और रुची अधिकारी को तीसरा स्थान मिला। जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि आयोजन पूरी तरह से सफल रहा है।

## मांगों पर मंथन, पलायन पर चिंतन

▸▸ चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के जिला सम्मेलन में उठीं विभिन्न मांगें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



नगर निगम सभागार में आयोजित जिला सम्मेलन में मौजूद राज्य आंदोलनकारी।

**अमृत विचार :** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति का जिला सम्मेलन बुधवार को नगर निगम सभागार में संपन्न हुआ। इसमें राज्य आंदोलनकारियों को राज्य सेनानी का दर्जा देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मंथन हुआ।

जिला सम्मेलन में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि हम सभी की प्रमुख राज्य आंदोलनकारियों को राज्य सेनानी का दर्जा देने, सरकारी भर्तियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, एक समान पेंशन और छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों को जल्द से जल्द चिन्हित करने की है। वक्ताओं ने कहा कि राज्य निर्माण होने के बाद भी प्रदेश से पलायन जारी है लेकिन सरकार ने रिवर्स पलायन को लेकर कोई नीति नहीं बनाई है। प्रदेश में नशे का चलन बढ़ रहा है जिस पर कोई भी शिकंजा कसने वाला नहीं दिख रहा है। सरकारों को पहाड़ व पहाड़ में रहने वालों को देखकर नीति बनानी चाहिए। इस दौरान ललित जोशी, मोहन पाठक, कमल जोशी, राजेंद्र खनवाल, जगमोहन बगड़वाल, हरीश पाल, हेम पाठक, कैलाश तिवारी, भुवन जोशी, मोहिनी रावत आदि थे।

## तिरंगा रंग में रंग दिया गौलापार

संवाददाता, चोरगलिया



गौलापार में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा के गौलापार मंडल अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल के नेतृत्व में घर-घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कालीचौड़ मंदिर गेट से प्रारंभ हुई यात्रा खेड़ा चौराहा, कुंवरपुर चौराहा, रामबाग डांट, दानीबंगर होते हुए चोरगलिया पहुंची। इससे पूर्व देश के प्रथम परमवीर चक्र विजेता शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा के स्मारक पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान नेत्र सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह कार्की, प्रकाश बेलवाल, पान सिंह मेवाड़ी, नंदन बोरा, कमल दुर्गापाल, कैलाश राज, सुरेश कोहली, खष्टी चौसली, मुकेश परगाई, जगदीश नौला, रविंद्र रैकुनी, जीवन आर्य, गुड्डू मिश्रा, ललित आर्य, कैलाश राज, हरगोविंद पचवाड़ी, दीवान संभल, हरीश बेलवाल, हिमेश बेलवाल, मनोज कर्नाटक, माला आर्य, भावना आर्य, भारती जोशी, पवन तिवारी, हेम बेलवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### निलाम्बेश्वर महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक

गरमपानी : सुप्रसिद्ध निलाम्बेश्वर महादेव मंदिर भुजान में शिव पूजा व रुद्राभिषेक से माहौल शिवमय हो गया। गणेश पूजन के बाद धार्मिक अनुष्ठान हुए। हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व धर्माचार्य शंभु दत्त जोशी ने यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। गणेश पूजन के बाद विशेष मंत्रोच्चार के साथ शिव पूजन व रुद्राभिषेक किया गया।



तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## फ्री स्टाइल तैराकी में बच्चों ने दिखाया दम

संवाददाता, रामनगर


**अमृत विचार :** राइंका छोई की ओर से संकुल छोई के माध्यमिक विद्यालयों की तैराकी प्रतियोगिता का ट्रायल फूड बंगलो छोई के तरणताल में संपन्न हुआ।

इस दौरान अंडर-17 बालक वर्ग में 50 मीटर फ्री स्टाइल में उदय मेहरा राइंका छोई, ऋतिक फर्त्याल विद्या मंदिर छोई, 100 मीटर फ्री स्टाइल में मयंक कश्यप, शिवम थापा राइंका छोई, 200 मीटर फ्री स्टाइल में उदय मेहरा, शिवम थापा राइंका छोई, 50 मीटर बैक स्ट्रोक में दीपक शर्मा राइंका छोई, 50 मीटर बटरफ्लाई में यश कुमार राइंका छोई ने बाजी मारी। अंडर-14 आयु वर्ग में 50 मीटर फ्री स्टाइल में रोशन दरम्वाल, इशांत खैरिया राइंका छोई, देव हालसी राउमावि टेड़ा, 50 मीटर बटरफ्लाई में रोशन दरम्वाल का चयन रामनगर ब्लॉक स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में नवीन चंद्र जोशी, महेश सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट ने अपना योगदान दिया।

## सैनिक प्रकोष्ठ का गठन, जगत बने प्रदेश संयोजक

हल्द्वानी : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर संगठन का विस्तार करते हुए सैनिक प्रकोष्ठ का गठन किया है। साथ ही पूर्व सैनिक जगत सिंह बोरा को प्रदेश संयोजक बनाया है। संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने बताया कि राज्य में काफी संख्या में पूर्व सैनिक कारोबार करते हैं इस वजह से संगठन में पूर्व सैनिकों की भागीदारी की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसी क्रम में सैनिक प्रकोष्ठ का विधिवत गठन किया है, पूर्व सैनिक जगत सिंह बोरा को सैनिक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। बोरा ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद अधिकांश पूर्व सैनिक कारोबार ही करते हैं इसलिए व्यापार मंडल से जुड़ने की मांग थी। जो देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने सैनिक प्रकोष्ठ का गठन कर पूरी कर दी है। इस का पूर्व सैनिक गोपाल सिंह बिष्ट, गिरीश चंद्र जोशी, केएस रावत, दिनेश सिंह बिष्ट, जगत सिंह मनोला, नैन सिंह मेहरा, गोपाल सिंह बोरा, केसर सिंह भैसोड़ा, देवेंद्र सिंह बाफिला ने स्वागत किया है।



























# देश की एकता के लिए सभी करें कार्यः मंडलायुक्त

## नगर निगम ने कार्यालय से तिकोनिया चौराहे तक निकाली तिरंगा रैली, शहर में जगह-जगह हुए कार्यक्रम



नगर निगम की तिरंगा रैली में शामिल मंडलायुक्त दीपक रावत, साथ में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा व कर्मचारी।



खालसा नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज में तिरंगा वितरण कार्यक्रम में मौजूद निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला व छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से बुधवार को नगर में तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें मंडलायुक्त दीपक रावत, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा समेत नगर निगम के कई कर्मचारी शामिल रहे।

रैली नगर निगम कार्यालय से शुरू हुई और तिकोनिया चौराहा होते हुए वापस नगर निगम कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली में सभी ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर देशभक्ति से जुड़े नारे लगाए, जिससे माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश में सभी जगह रैली की जा रही हैं। इसी क्रम में नगर निगम की ओर से भी रैली निकाली गई है। उन्होंने सभी को पहले देश की एकता के लिए कार्य करने का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, विभिन्न वार्डों के निवर्तमान पार्षद, स्वच्छकार कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामअवतार राजौर, बैंणी सेना सहित नगर निगम के कर्मचारी और कई लोग शामिल रहे।

### हर घर तिरंगा थीम पर निकाली जागरूकता रैली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महिला कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हर घर तिरंगा थीम पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को कॉलेज की प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्राओं ने देश भक्ति के नारे लगाते हुए जोश का परिचय दिया और लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ने के साथ ही साथ घरों में ससम्मान तिरंगा लगाने का आवाह्न किया। रैली में एनएसएस, एनसीसी, नमामि गंगे, रेंजर दल, एंटी ड्रग, रेड रिबन और कॅरियर काउंसलिंग की छात्राओं ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। इससे पहले प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय गौरव और एकता की नई भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक नागरिक से इस अभियान में जुड़ने का आवाह्न किया। अंत में सभी को गंगा स्वच्छता और एंटी ड्रग की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता पंत ने किया। इस अवसर पर नोडल नमामि गंगे एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत, एएनओ डॉ. रेखा जोशी, रेंजर लीडर डॉ. विद्या कुमारी, नोडल एंटी ड्रग डॉ. चंद्रप्रकाश, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. टीबी सिंह, प्रो. रश्मि पंत, प्रो. नरेन्द्र जोशी, डॉ. हेम लता, डॉ. तनुजा बिष्ट, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. बीना, डॉ. नीता, डॉ श्वेता आदि उपस्थित रहे। इधर, एमबीपीजी कॉलेज में बुधवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में कॉलेज के 24 यूके एनसीसी गर्ल्स बटालियन, 78 यूके एनसीसी बटालियन के कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 78 यूके एनसीसी बटालियन के कैप्टन सुरेंद्र सिंह धपोला, 24 यूके गर्ल्स बटालियन की एएनओ लेफ्टिनेंट ज्योति टम्टा, डॉ. कविता बिष्ट ने कैडेट्स के साथ मार्च पास्ट किया। रैली कॉलेज से शहीद स्मारक पार्क तक निकाली गई, जहां कैडेट्स ने तिरंगे के साथ शपथ ली। इसके बाद रैली तिकोनिया चौराहे से होते हुए कॉलेज परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान कॉलेज के प्रो. सीएस जोशी, डॉ. उषा पंत जोशी, डॉ. भानु प्रताप, डॉ. जगदीश चंद्र जोशी मौजूद रहे।

### संस्था ने छात्राओं को वितरित किए तिरंगे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा वितरण किया। खालसा नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं को तिरंगा वितरित किया गया। इस दौरान पूर्व मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने कहा कि तिरंगा देश की शान है। हजारों देशभक्तों ने कुर्बानी दी है, तब जाकर हमें तिरंगा फहराने का अधिकार मिला है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया है। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और सदस्य योगिता बनोला ने तिरंगा वितिरत किए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि बिन्देश गुप्ता, कांग्रेस युवा प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुमार साहू, वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता उपस्थित रहे।

### डाक कर्मियों ने निकाली प्रभातफेरी

**हल्द्वानी :** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर प्रधान डाकघर की ओर से बुधवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधान डाकघर से तिकोनिया तक डाक कर्मियों ने प्रभात फेरी निकाली। इस मौके पर दयाल राम, त्रिभुवन सिंह, दया पांडे, महक अग्रवाल, ललित पांडे, लता बिष्ट और अमृता बिष्ट समेत कई डाककर्मी मौजूद रहे।

### बीएड विभाग में हुआ तिरंगा संगीत कार्यक्रम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी डिग्री कॉलेज के बीएड विभाग में बुधवार को तिरंगा संगीत कार्यक्रम हुआ जिसमें बीएड विभाग के प्रशिक्षुओं ने समूह गायन, कविता और गीत प्रस्तुत किए। दिशा और प्रज्ञा ने स्वरचित कविता और आरती व निशा ने वंदेमातरम्, कविराज, पंकज, दीपक और कमल ने कंधों से कंधे मिलते हैं गीत प्रस्तुत किया। प्रज्ञा पांडे ने भीगती हर आंख मुस्कान बन सके देश को हो फक्र हम वह काम कर सकें कविता की मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। गर्वित ने बताया कि भारत का प्रथम राष्ट्रीय ध्वज 7 अगस्त 1906 को कोलकाता के पारसी बागान में फहराया गया था। सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. सविता भंडारी ने स्वतंत्रता दिवस के क्रम में आयोजित कार्यक्रम में सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर गर्वित बेलवाल, आरती जोशी, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता जोशी, डॉ. टीसी पांडे, डॉ. शुभ्रा कांडपाल, डॉ. रेनू रावत, डॉ. तनुजा मेलकानी, डॉ. माया जोशी, डॉ. एलएम जोशी और बीएड तृतीय सेमेस्टर के समस्थ प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

### मेडिकल के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा


**हल्द्वानी, अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी से डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय होते हुए मेडिकल कॉलेज प्रांगण में आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान देशभक्ति के नारे लगाए गए। यात्रा में मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के साथ मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान नशामुक्त भारत अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने शपथ भी ली। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने यात्रा ही सराहना करते हुए कहा कि रैली में युवाओं का जोश अभूतपूर्व था।


### फल-सब्जी फुटकर व्यापार समिति धूमधाम से मनाएगी स्वतंत्रता दिवस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** फल-सब्जी फुटकर व्यापार समिति के अध्यक्ष रुपेन्द्र नागर में बताया कि गुरुवार को मंगलपड़ाव फूल वाली गली में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मरगूब अहमद व सह संयोजक दीपक केसरवानी ने बताया कि सुबह 10 बजे ध्वजारोहण होगा। इसमें मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश होंगे। इस अवसर पर मदरसे व स्कूलों के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत और मेरठ से आए पार्श्व गायक अजीज अहमद, उत्तराखंड के पंकज पांडे देशभक्ति गीत गाएंगे। सामाजिक संगठनों और बुजुर्ग व्यापारियों सम्मानित किया जाएगा। व्यवस्था प्रभारी धर्मेंद्र साहू व सहप्रभारी योगेश गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सब्जी मंडी को तिरंगे, स्वागत द्वार, फूल मालाओं, झालरों से सजाया जाएगा और देशभक्ति गीत बजाए जाएंगे।

### जल संस्थान ने दो टैंकरों की कराई व्यवस्था

**हल्द्वानी :** स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले आयोजनों को लेकर जल संस्थान नगर और ग्रामीण ने एमबीपीजी कॉलेज और अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार के लिए दो टैंकर भेजे। ईई आरएस लोशाली ने बताया कि विभाग से पत्र लिखकर टैंकरों की मांग की थी। इसे देखते हुए एक टैंकर नगर और स्टेडियम को भेजा जाएगा।




















अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

### संपादकीय

# विकसित राष्ट्र की ओर

भारत एक राष्ट्र के रूप में 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हम समय के साथ एक और वर्ष आगे बढ़ चुके होते हैं। हमने देश की आजादी के लिए बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। इसलिए आजादी के पीछे के संघर्ष और बलिदान से लगभग अपरिचित युवा पीढ़ी को उसके मूल्य और उसे सहेजने के अपने दायित्व को ठीक से समझना चाहिए। भारत लोकतंत्र की जननी है और प्राचीन काल में भी हमारे यहां जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाएं विद्यमान थीं। किन्तु लंबे समय तक चले औपनिवेशिक शासन ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को मिटा दिया था। हमारा संविधान हमारा मार्गदर्शक दस्तावेज है। संविधान की प्रस्तावना में हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्श समाहित हैं। भारत के लोकतंत्र की सफलता में संविधान ने एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में रास्ता दिखाया है। संविधान में हमने संकल्प लिया कि हम भारत के सभी नागरिकों को 'न्याय, स्वतंत्रता, समानता के साथ-साथ गरिमापूर्ण और भाईचारे से परिपूर्ण जीवन' सुनिश्चित करेंगे। ये ऐसे संकल्प हैं जो सर्वविदित और निर्विवाद हैं। क्या बीते दशकों में हमने इन संकल्पों को सिद्ध करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए हैं? क्या यही स्वतंत्रता है कि हम संकल्प लेते रहें, लेकिन उन्हें लागू करने के दायित्व से विमुख रहें? हमारा फर्ज और हमारा दायित्व क्या है यह हम अकसर भूल जाते हैं।

आज हम तकनीकी रूप से न केवल सुदृढ़ हुए बल्कि दक्ष भी हैं, तब भी युवा बेरोजगारी की दर का साल दर साल बढ़ते जाना चिंता का विषय है। इन वर्षों में देश ने बहुत प्रगति और विकास किया है। स्वतंत्रता के बाद के वर्षों में हम वैज्ञानिक एवं तकनीक की दिशा में प्रगति के कई पड़ाव पार करके प्रौद्योगिकी में एक अग्रणी देश बन गए हैं। वैश्विक स्तर पर आज भारत की एक विशेष पहचान है, लेकिन सामाजिक स्तर पर जो मजबूती और उन्नयन हो सकता था उसमें अभी काफी सुधार की गुंजाइश है। हालांकि देश ने नए संकल्पों के साथ 'अमृत काल' में प्रवेश किया है तथा भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारी आर्थिक प्रगति की इस यात्रा में समावेशी विकास पर जोर दिया जा रहा है। देश के अंतिम व्यक्ति तक संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों में इंगित मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सहज, सरल और सुलभ हो, इसे हम अपनी प्राथमिकता में शामिल करें। सही अर्थों में यही हमारी सच्ची राष्ट्रीयता और स्वतंत्रता दिवस के जश्न की सार्थकता भी होगी।

# विकास यात्रा में श्रमिक योगदान



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है।

उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है। खेती-किसानी छोड़कर बड़े-बड़े औद्योगिक नगरों में जाने पर उन्हें किसानी से भी बदतर सड़ांधपूर्ण नारकीय जिन्दगी नसीब होती है। इसके साथ ही शहरों में स्थापित उद्योगों में उन्हें छंटनी, हड़ताल, कम पारिश्रमिकता, रहन-सहन की किल्लत जैसी अनेक समस्याओं से भी सामना करना पड़ता है।

पौराणिक काल से वर्तमान समय तक भारत अनेक झंझावातों से गुजरा हुआ आज विकास के शीर्ष पर है। राजा महाराजाओं का समय हो, या मुगल काल, अंग्रेजों का राज्य हो, या स्वतंत्र भारत का प्रजातंत्र हर कालखंड में यहां की जनता ने, यहां के शासक वर्ग ने, बुद्धिजीवियों ने, श्रमजीवियों ने, अपने-अपने तरह से इसके विकास में योगदान किया है। श्रमिक वर्ग एक ऐसा वर्ग है जो न्यूनतम आवश्यकताओं के साथ जीवन यापन करता है और विकास में अधिकतम योगदान देता है। साहित्यकार समाज का अंग होने के कारण अलग-अलग क्षेत्र से विषय वस्तु का चयन करते हुए यथासंभव अपने साहित्य का सृजन करता है। क्योंकि भारत एक श्रमसाध्य देश है, अतः साहित्यकारों ने श्रमिक जीवन पर पर्याप्त साहित्य लिखा है।

स्वतंत्र भारत का श्रमिक वर्ग आज भी अनेक चुनौतियों से सामना करते हुए अपने सुखी जीवन की आकांक्षा संजोए हुए है। आजादी से पूर्व और पश्चात कई श्रमिक संघों की स्थापना हुई है और आज भी यह प्रक्रिया चल रही है। किन्तु इसके बावजूद श्रमिक वर्ग अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अनवरत संघर्षरत है। पूंजी और सत्ता की जुगलबंदी से श्रमिकों के जीवन में ऐसी भीषण दुश्वारियां उत्पन्न हुई हैं कि उनका अस्तित्व ही खतरे में नजर आ रहा है। देश की तरक्की और विकास होने के बावजूद भी आम श्रमिक तबका अपने को निस्सहाय महसूस कर रहा है। पूंजीपति वर्ग अपनी पूंजी के बल पर बड़े-बड़े उद्योगों का विकास तो कर लिया है, लेकिन उन उद्योगों में काम करने वाले श्रमसाध्य वर्ग को नियमानुसार कोई लाभ अर्जित नहीं करा पा रहा है बल्कि उनकी मेहनत का दोहन करके अपना आर्थिक लक्ष्य पूर्ण करने में लगा हुआ है। उनका मुख्य उद्देश्य अधिकाधिक लाभ कमाना है। उन्हें श्रमिक वर्ग के जीने-मरने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

'पूंजीवाद की अतिशयता से हमारा किसान समुदाय कृषि से दूर होता जा रहा है, अर्थात वह श्रमिक बनता जा रहा है। आज आजाद देश में कृषि संकट बहुत बड़ी समस्या बन गया है। भारत की एक बहुत बड़ी आबादी कृषक है जिसका जीवन कृषि पर ही अवलंबित है। परंतु वह भी आज स्वतंत्र भारत में विकल्पहीनता का शिकार हो गई है। वर्तमान समय में कृषि पर निर्भर किसानों के समक्ष दो ही विकल्प हैं- पहला विकल्प है कि वे स्वयं कृषि को बचाए रखने के लिए घाटे में रहकर लगातार खेती करते रहें। परन्तु तमाम कृषकों के लिए यह कदम आत्मघाती साबित होता है। घाटे में रहकर खेती करते रहना अत्यन्त दुष्कर है। ऐसी स्थिति उन्हें घोर निराशा की ओर ले जा रही है, जिससे वे निकलने की कोशिश करते हैं। पूंजी एवं सत्ता के जाल से निकलने के लिए वे लड़ते हैं, संघर्ष करते हैं। जो किसान अलग-थलग पड़ जाते हैं वे अंततः मारे जाते हैं जिसे आत्महत्या की संज्ञा से संबोधित किया जाता है। ये सत्ता, समाज, व्यवस्था द्वारा प्रायोजित हत्याएं लगती हैं। उनके आस-पास ऐसा वातावरण बना दिया जाता है कि वे अंततः आत्महत्या करने के लिए विवश हो जाते हैं। किसानों का एक बड़ा वर्ग एकताबद्ध, संगठित हो संघर्ष कर रहा है, आंदोलन कर रहा है। दूसरा विकल्प है कि खेती-किसानी छोड़कर वे जीवन निर्वाह के लिए रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन कर जाएं। कृषि संकट एवं गांवों में रोजगार के अवसर उपलब्ध न होने के कारण बड़े स्तर पर गांवों से शहरों की ओर उनका पलायन जारी है जिसे सरकार भी रोकने में नाकामयाब है।

उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है।

खेती-किसानी छोड़कर बड़े-बड़े औद्योगिक नगरों में जाने पर उन्हें किसानी से भी बदतर सड़ांधपूर्ण नारकीय जिन्दगी नसीब होती है। इसके साथ ही शहरों में स्थापित उद्योगों में उन्हें छंटनी, हड़ताल, कम पारिश्रमिकता, रहन-सहन की किल्लत जैसी अनेक समस्याओं से भी सामना करना पड़ता है। किसान से मजदूर बनने की यह प्रक्रिया बड़ी पीड़ादायक होती है। अत्यंत दुखद स्थिति है कि आज लगभग प्रत्येक छोटे किसान को जो श्रमिक में रूपांतरित हुआ है, इस दर्द से गुजरना पड़ रहा है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य ही है कि जहां एक तरफ विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं श्रमिक वर्ग के जीवन की न्यूनतम आवश्यकताएं भी पूरी नहीं हो पाती हैं। सरकार की तमाम नीतियां और बड़े-बड़े दावों, वादों के बावजूद उनके जीवन में कोई सकारात्मक सुधार देखने को नहीं मिलता। श्रमिक वर्ग के जीवन की ये चुनौतियां तथा उनके अस्तित्व का यह संकट अचानक नहीं उत्पन्न हुआ है और न ही ऐसी परिस्थितियां एकाएक उत्पन्न हुई हैं। श्रमिकों की ये सभी समस्याएं आजादी के पूर्व ही जन्म ले चुकी थीं। भारत में विदेशी हुकूमत के आगमन से देश के पुराने छोटे-मोटे उद्योग धंधे नष्ट हो गए थे। उनकी जगह पर विदेशी औद्योगिकीकरण का विकास हुआ। शिल्पकार, बढ़ई, नाई आदि लोगों को भूमि पर निर्भर रहना पड़ा। किन्तु खेती भी स्वामित्व का दर्जा ग्रहण कर चुकी थी जिसके फलस्वरूप उसका क्रय-विक्रय करना संभव हो गया था। छोटे-छोटे किसान कर्ज और लगान का बोझ उठाने में असमर्थ हो गए और भूमि जमींदारों और महाजनों के हाथों में चली गयी। फलतः किसान, कृषि श्रमिक, औद्योगिक श्रमिक और बंधुआ मजदूर बनने को बाध्य हो गए। अंग्रेजों की कूटनीतिक चाल की छाप आज भी हमारे देश के पूंजीपतियों पर स्पष्ट दिखाई देती है। आखिर उनकी कौन सी समस्याएं हैं जो उन्हें मजदूरों से पीछा नहीं छुड़ाती? क्या श्रमिक वर्ग ईमानदारी से श्रम नहीं करता या इनके श्रम से पूंजीपति मालिकों का कोई लाभ नहीं होता? मेहनतकश लोगों के जीवन संकट की वास्तविकता एवं उनकी समस्याओं को गहराई से जानने, समझने की दिशा में बढ़ने से पहले यह अनिवार्य हो जाता है कि देश में हुए 1990 के आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण एवं भूमंडलीकरण की भूमिका को समझा जाए। इस नई वैश्विक व्यवस्था को लागू हुए तीसरा दशक भी पूरा हुआ है और इसके भयंकर दुष्परिणाम हमारे सामने हैं। उदाहरण के लिए भारतीय कृषि को देख सकते हैं जिसके कारण कृषक तबकों के पलायन में बढ़ोतरी हुई है। भूमंडलीकरण से सिर्फ भारतीय कृषि पर ही संकट नहीं आया, बल्कि दुनिया के अनेक गरीब देशों की भी कृषि व्यवस्था इससे तबाह हुई है।

वर्तमान समय में तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण ने जहां एक ओर किसानों को उनकी खेती के योग्य जमीन से बेदखल किया, तो वहीं दूसरी तरफ विभिन्न औद्योगिक तकनीकी उपकरणों ने श्रमिक वर्ग को मानों अपंग सा कर दिया है। पहले जब उद्योगों में मशीनों का आगमन नहीं हुआ था, तब श्रमिकों को भारी तादाद में काम आसानी से मिल जाता था तथा उनके जान-माल का ज्यादा खतरा भी नहीं था। लेकिन मशीनों के आगमन से श्रमिकों के जीवन में बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में मशीनों के आगमन से श्रमिक वर्ग में उपजे असंतोष तथा बढ़ती बेरोजगारी, बेकारी का चित्रण करते हुए राजेश झरपुरे अपने उपन्यास 'कबिरा आप ठगाइये' में लिखते हैं- "कम वेतन, अधिक काम उनके असन्तोष का प्रमुख कारण था, पर वे सब विवश थे। वे सब अपने असंतोष को लेकर किसी तरह का विरोध भी प्रकट नहीं कर सकते थे। उनके द्वारा हाथ खींच लेने से कोयला खदानों का उत्पादन ठप हो जाता था और वे यह काम उस वक्त अधिक करते जब देश में कोयले की जरूरत ज्यादा होती, इसलिए मैनेजमेंट ने खदानों में कोयला लोड करने वाली मशीन उतरवाकर उनके हाथ ही काट दिए।"

### प्रसंगवश

# स्वतंत्रता के संकल्प

स्वतंत्रता दिवस का दिन हमारी आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का दिन है। यह दिन यह विचारने का है कि 150 वर्षों की औपनिवेशिक सत्ता के वो क्या बीज तत्व आज भी मौजूद हैं जो भारत के लोगों की प्रगति में बाधक हैं। यह दिन यह विचारने का है कि भारत स्वाधीन हुआ है या स्वतंत्र? यह दिन यह विचारने का है कि संविधान के किन किन विषयों को वक्त की जरूरत के हिसाब से बदला जा सकता है। यह दिन यह विचारने का है कि राष्ट्र विकास की प्रक्रिया में संविधान में और क्या बेहतर परिवर्तन किए जा सकते हैं जिससे अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति भी राष्ट्र विकास में सहायक हो सके। यह दिन उन विमर्शों को केंद्र बिंदु में लाने का दिन है जिन विमर्शों को हमारी संविधान सभा में किया गया था। हालांकि जो कतिपय कारणों से बाद में संविधान का हिस्सा भी न बन पाए थे।



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

आज फिर 21 वीं सदी के भारत के सामने वो विषय प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। यह दिन इस चिंतन का भी मौका देता है कि राष्ट्र निर्माण में हमारे किन मूल भारतीय तत्वों का लोप हो गया और कौन से तत्वों का लबादा हमें भूमंडलीकरण और छवि निर्माण के चलते छोड़ना पड़ा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्वपीठिका में, भगवत कृपा को प्राप्त राष्ट्र में, संविधान में वर्णित हमारी विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को संविधान प्रदत्त शक्तियों के दायरे में रहने और एक दूसरे के कार्यों में दखल न देने की प्रेरणा मिले, हमारी राज्य सरकारें अपनी-अपनी डफली अपना अपना राग छोड़कर केंद्र की योजनाओं में सक्रियता से कार्य कर सहकारी संघवाद को बढ़ावा दें और देश का आम नागरिक अपने नागरिक कर्तव्यों को समझकर तदनुसार कार्य करे, इस स्वतंत्रता दिवस पर कम से कम यह उम्मीद तो कर ही सकते हैं।

अपनी अपनी गुहा में रहने के अभ्यस्त हम लोग भूलने की बीमारी से ऐसे ग्रसित हो चुके हैं। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में खुद को देखते हम लोगों की लगभग 35 प्रतिशत आबादी तो वोट ही करना भूल जाती है। जनता का, जनता द्वारा, और जनता के लिए शासन हो ऐसी आदर्श लोकतंत्र की परिभाषाएं भी जनमानस के स्मृति पटल से निकल जाती है। और इस प्रकार लोकतंत्र में मसलन चुनावों से चंद दिनों पूर्व रातों में सबकुछ भूल जाने की प्रवृति वाली जनता को ऐतिहासिक सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक और लैंगिक विषयों को समझाने का दौर चलता है।

राष्ट्रीय महत्व के दिनों में हमारे अंदर का देशभक्त, अपनी प्रोफाइल पिक्चर में तिरंगा लगाने से लेकर, गाल में तिरंगे वाले टैटू के लिए जग जाता है। देशभक्ति गीतों की आवाज से हौले से उठने वाले रौंगटे को महसूस करने के अभ्यस्त हम लोग उन खबरों, उन विषयों पर बात तक करना मुनासिब नहीं सोचते जो हमारे भविष्य के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आधार हैं। और फिर किसी एक दिन जब देश में कहीं दुर्घटना हो जाती है तो हम सब जागने का स्वांग करने लगते हैं। अचानक से हमारे तंत्र का हर एक पुर्जा सक्रिय हो जाता है। दिवस विशेष, आधारित चिंतन परंपरा, भारत में भी अब प्रायः देखने को मिल रही है। कुछ दिनों पहले एक कवि ने कहा था—धूल साफ कर जो तस्वीरें शान से आज सजाई हैं, इससे पहले इनकी याद किसे, कहां और कब आई है?

आज दिन विशेष को महत्व देने वाली पीढ़ी, फादर्स डे, मदर्स डे, फ्रेंड्स डे, अर्थ डे आदि के बौद्धिक मकड़जाल में फंसकर शाश्वत रूप से इन विषयों में सोचना धीरे-धीरे कम कर रही है। विविधता वाले तथाकथित सपेरों के देश में दैवीय नियतिवाद का स्थान कर्मवाद ने जरूर लिया है। तभी विश्व की सबसे विकसित ताकतों में आज हम शामिल हैं लेकिन अभी भी गांधी जी के तीनों मूल मंत्रों बुरा मत देखो, बुरा मत कहो और बुरा मत सुनो को हम लोग अपने स्वार्थपरक नजरिए से तोड़ते मरोड़ते रहते हैं। भारत की सामासिक संस्कृति में चिंतन प्रक्रिया को सतत मानते हुए ही समाज सुधारकों, देशभक्तों ने स्वर्णिम अतीत से प्रेरणा ग्रहण की थी। चिंतन के आधार पर विमर्शों से प्राप्त बिंदुओं को, ध्यान में रखते हुए कर्तव्य निर्धारण करने वाले मतवालों, का दौर अब चला गया है। आज चिंतन महज खानापूर्ति का जरिया बन चुका है। आज भारत के लोग गुम होते जा रहे हैं। गुम ऐसे कि विवेकानंद जी के ध्यान के दृष्टांत भी फीके पड़ जाएं। भ्रष्टाचार, बलात्कार, आदि जघन्य अपराधों और पर्यावरण के साथ-साथ मेघों और वर्षा के बदलते भयावह रंगों में भी यहां के आत्ममुग्ध स्वकेंद्रित लोग गुम ही रहते हैं।

# कर्तव्यबोध ही असली देशभक्ति



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

यह निर्विवाद सत्य है कि स्वयं के विकास या परिवार-समाज-राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान नागरिकों के कर्तव्यबोधात्मक भावों एवं आचरणों का ही होता है।

भारत अपना 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए तैयार है और शताब्दी वर्ष 2047 में विकसित भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहा है लेकिन यह प्रत्येक भारतीय नागरिक के कर्तव्यबोध के बिना संभव नहीं है। व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र का विकास भी कर्तव्यबोध की भावना से ही संभव होता है। कर्तव्य बोध के सिद्धान्त का आचरण करके ही वास्तविक देशभक्ति सम्भाव्य है, जिसमें अनीति, असत्य भ्रष्टाचार, कर्तव्यहीनता के लिए कोई स्थान नहीं है। यह देखा गया है कि कर्तव्यहीन नागरिकों के देश में राष्ट्र अवनति की ओर बढ़ता है और कर्तव्यबोध भावना के बलिष्ठ होने पर राष्ट्र आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों उन्नतियों की ओर बढ़ा चला जाता है, इतिहास इसका साक्षी रहा है। समग्र भारतीय दर्शन, श्रीमद्भगवद्गीता, वेद, उपनिषदों में स्थान-स्थान पर कर्मसिद्धान्त एवं कर्मबोध का प्रतिपादन किया है और ऋग्वेद के ऐतरेय आरण्यक में तो चरैवेति चरैवेति सिद्धान्त को वर्णित करके नागरिकों के लिए स्वविकास के साथ श्रेष्ठ देशभक्ति का संदेश दिया है जो राष्ट्रीय पर्वों की गीत-संगीत की ध्वनियों, जयघोषों एवं प्रतीकों से भी अनुभव होता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति एवं भारतीय संविधान के लागू होने के पश्चात प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्व के रूप में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस प्रत्येक शैक्षणिक संस्थाओं एवं सरकारी कार्यालयों में शानदार देशभक्ति भावना से युक्त होकर आयोजित होते हैं। साथ ही 2 अक्टूबर को गांधी जयंती-लालबहादुर शास्त्री जयंती भी राष्ट्रीय पर्व के रूप में आयोजित होती हैं। इन राष्ट्रीय पर्वों में रंग-बिरंगे परिधान के साथ हाथ में राष्ट्रीय ध्वज फहरा करके भारत माता एवं देश के कर्तव्यबोध को अपने जीवन का मूलस्रोत मानने वाले महापुरुषों का स्मरण करते हुए देशभक्ति में लीन हो जाते हैं।

यह निर्विवाद सत्य है कि स्वयं के विकास या परिवार-समाज-राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान नागरिकों के कर्तव्य बोधात्मक भावों एवं आचरणों का ही होता है। देश की समृद्धि एवं विकास के लिए 365 दिनों तक चलने वाली कर्तव्य बोधात्मक देशभक्ति परिपालनीय होती है जिसकी शिक्षा, ऊर्जा हमको राष्ट्रीय पर्वों एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र का अध्ययन करते हुए ही प्राप्त होती हैं। अक्सर यह रूढ़िगत मान लिया जाता है कि सीमाओं में सुरक्षा करने वाला या सीमा सुरक्षा में देश के लिए शहीद होने वाला सैनिक ही वास्तविक देशभक्त है या राष्ट्रीय राजनीति के उच्च पदों को विभूषित करने वाले राजनेता ही सच्चे देशभक्त हैं लेकिन इसके विपरीत यह परम राष्ट्र सत्य है कि अपने-अपने क्षेत्र में कर्तव्यबोध शील प्रत्येक नागरिक देशभक्त है और राष्ट्र की प्रगति में सहायक है और दूसरी तरफ कर्तव्यहीन नागरिक देश की प्रगति में बाधक है।

देश के प्रत्येक नागरिक को वह चाहे सरकारी, अर्धसरकारी या निजी किसी भी क्षेत्र में सेवारत हो उसको राष्ट्रीय पर्वों के जयघोषों, ऊर्जा-उत्साह से तथा महापुरुषों के त्याग, तपस्या एवं बलिदान से शिक्षा लेकर अपने कार्यक्षेत्र/कर्मक्षेत्र में अनुशासन पूर्वक आजीवन सकारात्मक भावनाओं से युक्त होते हुए कर्तव्यबोध को समझना राष्ट्रीय पर्वों एवं तिरंगा यात्राओं का मूल उद्देश्य एवं निष्कर्ष होना चाहिए।

गुरुकुल कालीन भारतीय शिक्षा पद्धति के अभाव और लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति के प्रभाव के कारण आज देश में कर्तव्यबोध की घटित भावनाएं प्रतिपग में देखी एवं अनुभव की जा सकती हैं क्योंकि शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण, ज्ञान प्राप्ति, चरित्र निर्माण के स्थान पर केवल आजीविका प्राप्ति रह गया है और शिक्षा प्रदाताओं के द्वारा यही शिक्षा अपने छात्रों को दी जा रही है और आधुनिक शिक्षा के प्रभाव से अभिभावकों की भी यही अपेक्षा बढ़ रही है लेकिन राष्ट्र निर्माण में इन राष्ट्रीय पर्व और तिरंगा यात्राएं एक राष्ट्रोपयोगी चर्चा का विषय भी होनी चाहिए।

भारतीय संविधान के निर्माताओं के द्वारा विनिर्मित संविधान की मूल भावना को साकार करते हुए, समाज में बढ़ रही आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए, समाजवाद को साकार करने के लिए संविधान सम्मत व्यापक राष्ट्रीय मुद्दों, चुनौतियों एवं सर्वविध विकास के सन्दर्भ में नीति, कानून बनाकर भ्रष्टाचार मुक्त धरातल में उनका उचित क्रियान्वयन करते हुए देश के विकास में योगदान देना ही चाहिए। यही परम देशभक्ति है। यही राष्ट्रीय पर्वों की प्रासंगिकता भी है और यही शैक्षणिक संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं में सभी के द्वारा आचरणीय है।

### सोशल फोरम

# बेसुरी आज़ादी

देश देह है और राष्ट्र उसकी आत्मा। समय की कसौटी पर देश नहीं, राष्ट्र स्थायी होते हैं। दुनिया के नक़्शे पर हम देश तो हैं, राष्ट्र आज तक नहीं बन पाए।

भौगोलिक सीमाओं से घिरे जमीन के टुकड़ों से सिर्फ देश बनते हैं। देश स्थायी नहीं होते। समय के साथ देशों की सीमाएं भी बदलती हैं और स्वरुप भी। असंख्य रियासतों में बंटे हमारे देश का वर्तमान स्वरुप भी अंग्रेजों की साम्राज्यवादी नीतियों और आज़ादी के बाद देशी रियासतों के भारत में विलय की अथक कोशिशों का नतीजा है। राष्ट्र देश से अलग ही चीज है। राष्ट्र बनता है देश की भौगोलिक सीमाओं में मौजूद विभिन्न धर्मों, जातियों, सभ्यताओं, संस्कृतियों और आस्थाओं के लोगों के बीच प्रेम, भाईचारे, समझदारी, भरोसे और हजारों विविधताओं के बीच से उठती एकता की अंतर्ध्वनि से। देश देह है और राष्ट्र उसकी आत्मा। समय की कसौटी पर देश नहीं, राष्ट्र स्थायी होते हैं। दुनिया के नक्शे पर हम देश तो हैं, राष्ट्र आज तक नहीं बन पाए। राष्ट्र न बनने की कीमत हम आजादी के बाद तीन टुकड़ों में बंटकर अदा कर चुके हैं। कश्मीर में हम आज इसी की कीमत चुका रहे हैं। देश के कई दूसरे हिस्सों के भी हिन्दू राष्ट्र, मुस्लिम राष्ट्र, दलित राष्ट्र में विभाजन की प्रक्रिया तेज हुई है। आज सियासी लाभ के लिए राष्ट्रीयता की छद्म और आत्मघाती परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। लगभग सभी सियासी दल अपना जनाधार बचाने-बढ़ाने के लिए धर्मों, जातियों और यहां तक कि हमारी मूर्खताओं के आधार पर भी हमें गोलबंद कर रहे हैं। सोचना हमें है कि एक दूसरे के प्रति विद्वेष पालकर, एक दूसरे की आस्थाओं पर चोट कर, आपसी अविश्वास को हवा देकर और अपने देश में गृहयुद्ध का माहौल बनाकर हम हासिल क्या करना चाहते हैं? हम इतने मासूम या मूर्ख क्यों हैं कि हम चाहे या अनचाहे सियासत और मज़हब के धूर्तों और मक्कारों के हाथों की कठपुतली बनते रहे हैं? आज़ादी के इतने अरसे बाद भी हम क्यों एक राष्ट्र नहीं बन सके हैं? एकात्मकता का आंतरिक संगीत नहीं है तो आज देश की आज़ादी भी बेसुरी लगने लगी है।




ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

-फेसबुक वॉल से

# बादल फटना : तबाही का कारण

क्या होता है यह 'बादल फटना'। क्या बादल पानी से भरी हुई गुब्बारे जैसी कोई रचना होती है जो फट जाती है और उसका पानी नीचे गिर जाता है? अनेक मौसम संबंधी घटनाओं के कारण तूफानों में पानी की वाष्प से भरी हुई गर्म हवाएं बहुत तेजी से ऊपर उठती हैं। पहाड़ी स्थल पर ऐसा होने पर पहाड़ की ढाल इसमें सहायक सिद्ध होती है। गर्म हवाओं के इस प्रकार पहाड़ी ढलानों पर ऊपर उठने को 'ओरोग्राफिक लिफ्ट' कहते हैं। ऊंचाई पर जाकर 'एडियाबेटिक फैलाव' के कारण यह हवा फैल जाती है और इसलिए ठंडी हो जाती है। इसके ठंडी होने के कारण इसमें मौजूद जलवाष्प हवा में मौजूद बहुत से छोटे-छोटे धूल कणों पर द्रवीभूत और संघनित होकर पानी की बहुत छोटी-छोटी बूंदों में बदल जाती है। ये बूंदें इतनी छोटी होती हैं कि हवा के अणुओं के इनसे टकराने से और नीचे से आती हुई गर्म हवा के कारण ये नीचे नहीं गिर पाती हैं और पानी हवा की ऊपरी सतहों में इकट्ठा होता रहता है और छोटी बूंदें आपस में मिल कर बड़ी बूंदें बनती रहती हैं। ये बूंदें इतनी छोटी होती हैं कि तीन मिलीमीटर व्यास की एक मध्यम आकार की बूंद बनाने के लिए 10 लाख छोटी बूंदों को आपस में जुड़ना होता है। जल वाष्प के द्रवीभूत होने से शीघ्र ही बहुत सारा पानी कुछ वर्ग किलोमीटर के थोड़े से स्थान पर 'क्यूमुलोनिम्बस बादलों' के रूप में हवा में एकत्र हो जाता है। ये बादल एक गोभी की आकृति के होते हैं जिनमें नीचे एक तना और ऊपर फैला हुआ हिस्सा दिखाई पड़ता है। इनका ऊपरी हिस्सा काफी ऊंचाई तक पहुंचता है- यह करीब 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंच सकता है। ये बादल देखने में कुछ-कुछ परमाणु धमाके के कुकुरमुत्ते की शक्ल के दिखाई पड़ते हैं।



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

नीचे से गर्म हवा आनी बंद होने के कारण ओरोग्राफिक लिफ्ट बंद होने पर, अथवा बूंदों के इतने बड़े हो जाने पर कि नीचे से आती हुई और ऊपर उठती हुई हवा उन्हें नीचे गिरने से रोक नहीं सकती हो, ऊपर इकट्ठा यह बहुत सारा पानी एक साथ ही नीचे गिर जाता है और इसे ही 'बादल फटना' कहते हैं।

मौसम विज्ञान के अनुसार 1 घंटे में 100 मिलीमीटर या उससे अधिक वर्षा होने को बादल फटना कहते हैं। 100 मिलीमीटर का अर्थ हुआ-10 सेंटीमीटर अर्थात 4 इंच। लेकिन बादल फटने में एक मिनट में डेढ़ से दो इंच तक वर्षा भी हो सकती है। कृपया ध्यान दीजिए- 1 घंटे में नहीं, 1 मिनट में। 1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में प्रति मिनट 2 इंच वर्षा होने का अर्थ है- लगभग पचास हजार टन पानी का एक मिनट में नीचे गिर जाना। 10 वर्ग किलोमीटर में प्रति मिनट 2 इंच वर्षा का अर्थ है प्रति मिनट 5 लाख टन पानी का नीचे गिर जाना। यदि ऐसी वर्षा आधा घंटा भी चलती है तो हम नीचे गिरने वाले पानी की मात्रा का अनुमान लगा सकते हैं। इतिहास में अनेक प्रसिद्ध बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, जिन्होंने जान-माल का बहुत नुकसान किया है। कोलोराडो में सन 1976 में बादल फटने के कारण एक घाटी के बहुत छोटे से क्षेत्र में चार घंटे में 5 करोड़ टन पानी नीचे गिरा था। इन प्राकृतिक मौसमी कारणों के कारकों को रोकना मनुष्य की वर्तमान क्षमता में नहीं है। इनसे बचने के लिए यही किया जा सकता है कि यदि पहाड़ी स्थल में हम क्युमोलोनिम्बस बादलों को इकट्ठा होते हुए देखें तो हम किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह सुरक्षित स्थान कोई ऊंची जगह अथवा ऐसा स्थान हो सकता है जहां पानी न पहुंच पाए।

# आजादी के जश्न में यह भी हुआ

14 अगस्त की ऐतिहासिक रात्रि से अगले दिन तक देश में बहुत कुछ हुआ। तमाम महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं। अनेक रोचक बातें भी हुईं। देहात के भोले किसान अपने बच्चों को समझा रहे थे कि अब खेतों में फसल ज्यादा हुआ करेगी, ग्वालों ने पत्नियों से कहा अब गायें ज्यादा दूध देंगी, क्योंकि आजादी मिल गई है। लोगों ने बसों में टिकट खरीदने से मना कर दिया, कहा "भला आजाद मुल्क में कहीं टिकट लगा करते हैं"? दिल्ली में आजादी का जश्न देखने आया एक भिखारी उस विभाग में दाखिल होने लगा, जो विदेशी राजनयिकों के लिए आरक्षित था। सिपाही के यह पूछने पर कि 'आपका आमंत्रण कहां है'? तो, लैरी कोलिंस व दामिनिक लैपियर कहते हैं, उसने कहा 'कैसा आमंत्रण? हम आजाद हो गए हैं। जश्न देखने लोग पैदल, विभिन्न सवारियों पर, यहां तक कि गधों पर आए। सब लोग एक दूसरे को 'आजाद साहब' कहकर अभिवादन कर रहे थे। लखनऊ की रेजीडेंसी में होने वाले ध्वजारोहण के लिए छापे गए आमंत्रण पत्र में लिखा था, "नेशनल ड्रेस धोतियों का स्वागत है"। कलकत्ते में झोपड़पट्टी निवासियों की एक भीड़ गवर्नर के सरकारी आवास में घुस गई। उस समय अंतिम ब्रिटिश गवर्नर सर फ्रेडरिक बरोज़ सपत्नीक नाश्ते पर बैठे थे। उनके देखते देखते यह उन औसत भारतीयों की भीड़, जिन्होंने शयन के लिए खटहटी खटिया ही देखी थी, उनके शयन कक्ष में घुसी और लपालप मखमली गद्दों पर उछल कूद करने लगे। इस बिस्तर पर अभी थोड़ी देर पहले तक गवर्नराइन सोई थीं। पुरानी दिल्ली मे कुछ इलाकों में मुस्लिम लीग के उन्मादियों द्वारा एक नारा बुदबुदाया जा रहा था, "हँस कर लिया है पाकिस्तान। लड़कर लेंगे हिंदुस्तान"। विभाजित भारत के उस पार प्रतिशोध की ज्वाला जल रही थी, लेकिन इस पार एक दूसरी शांतिमयी ज्वाला थी, डा. राजेंद्रप्रसाद के आवास के बगीचे में वैदिक मंत्रों की ध्वनि से हवन हो रहा था। इस स्वतंत्रता के कारक गांधी जी विभाजन से दुःखी होकर कोप भवन में कलकत्ता के हैदरी हाउस में थे। उन्होंने प्रार्थना सभा में कहा, "आजादी का ऐसा आगमन मुझे आनंदित नहीं कर रहा। मैं उपवास करूंगा। भारत के कल्याण के लिए प्रार्थना करूंगा। चरखा कातूंगा। आप लोग भी ऐसा ही करिए'।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

झील में तैरती नाव पर्यटकों को करेंगी आकर्षित, वन विभाग की आय में होगी बढ़ोत्तरी, नियम व शुल्क होगा तय

# किलबरी जलाशय में जल्द तैरेंगी पैडल बोट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पंगोट मार्ग स्थित किलबरी जलाशय पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वन विभाग ने पैडल बोट चलाने का निर्णय लिया है। जल्द ही झील में पैडल बोट तैरती नजर आएंगी।

नैनीताल से लगभग 12 किलोमीटर दूरी किलबरी क्षेत्र में वन प्रभाग नैनीताल की ओर से भूमि व जल संरक्षण के लिए जलाशय का निर्माण किया गया है। इस जलाशय की लम्बाई 150 मीटर और चौड़ाई 20 मीटर है। यह डेढ़ से ढाई मीटर गहरा है।


किलबरी में वन विभाग की ओर से बनाया गया जलाशय। ● अमृत विचार


किलबरी जलाशय में इसी स्थान पर प्रस्तावित है पैडल बोटिंग। ● अमृत विचार

जलाशय की क्षमता लगभग 50 से 60 लाख लीटर है। बीते दिनों हुई भारी बारिश से जलाशय लबालब भर चुका है। जिसको देखने कई पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वन विभाग ने झील में पैडल बोट चलाने का निर्णय लिया है। जिससे पर्यटक बोट में बैठकर प्राकृतिक सौंदर्य को निहार सकेंगे।

इससे वन विभाग की आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि किलबरी जलाशय के लिए दो पैडल बोट मंगवाई गई है। इस सप्ताह से झील में पैडल बोट का संचालन किया जा सकता है। नियम व शुल्क तय कर बोट का संचालन किया जाएगा।

## भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में किया पौधरोपण

**नैनीताल :** राजकीय सेवानिवृत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बुधवार को एक पौधा मां के नाम के तहत नगर के समीपवर्ती भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र आलूखेत और खूपी गांव में सघन पौधरोपण कर धरा को हराभरा रखने का संकल्प लिया।

एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजू बिष्ट व महासचिव बहादुर सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पौधों के बड़े होने तक उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। साथ ही दोनों गांवों के ग्रामीणों से भी पौधों की हर संभव सुरक्षा करने में सहयोग करने की गुजारिश की। महासचिव बहादुर सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों व ग्रामीणों का आभार जताया। कहा कि जल्द ही शहर में मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# उमेश व चंद्रशेखर को मिलेगा सराहनीय सेवा पदक सम्मान

अभिनंदन

संवाददाता, हल्द्वानी



चंद्रशेखर भट्ट और उमेश चंद्र कोठारी।

**अमृत विचार :** सेवा के आधार पर और विशिष्ट कार्य के लिए उप निरीक्षक चंद्रशेखर भट्ट को सराहनीय सेवा पदक/सराहनीय सेवा सम्मान प्रदान किया जाएगा। चंद्रशेखर भट्ट मूलरूप से जाखनी पिथौरागढ़ के रहने वाले हैं और नैनीताल में आशुलिपिक के पद पर नियुक्त हैं। वह वर्ष 1987 में आशुलिपिक के पद पर नियुक्त हुए थे।

पुलिस अधीक्षक अभिसूचना हल्द्वानी के पेशकार उप निरीक्षक उमेश चंद्र कोठारी को उत्कृष्ट सेवा के लिए गुरुवार (आज) को सराहनीय सेवा मेडल से सम्मानित किया जायेगा। उप निरीक्षक कोठरी पुलिस विभाग में वर्ष 1991 में आरक्षी के पद पर सम्मिलित हुए थे। वह वर्ष 2008 में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए। वर्तमान में पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी में वाचक का कार्य देख रहे हैं। इनकी मेहनत एवं लगन को देखते हुए मुख्यमंत्री की ओर से 15 अगस्त को मेडल देकर अलंकृत किया जाएगा।

# 299 वाहनों के चालान, एक लाख से अधिक जुर्माना वसूला

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिले में चला सघन चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर चेकिंग के लिए पुलिस सड़क पर उतरी तो यातायात नियम तार-तार होते दिखे। स्कूटी और बाइक पर नशे में धुत चार-चार सवार फर्राटा करते पकड़े गए। जिले में चले अभियान में 299 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम से शुरू हुआ अभियान देर रात तक चला। काठगोदाम में युवक न सिर्फ नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाते मिले, बल्कि जमकर अराजकता भी की। इन्होंने एक-एक वाहन पर चार-चार लोगों को बैठा रखा था और वह भी बिना हेलमेट। ऐसे चार वाहन चालकों के वाहन सीज कर दिए गए। यातायात निरीक्षक वेद प्रकाश ने ऐसी ही एक बोलेरो संख्या यूके 18 एम 4668 व ट्रक संख्या यूपी 28 डी 9571 के चालक पर कार्रवाई की। दोनों शराब पीकर वाहन चला रहे थे। पुलिस ने दोनों वाहनों को सीज कर दिया। पूरे जिले में ऐसे 299 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 1,12,599 रुपये का जुर्माना वसूल किया। कुल 10 वाहन सीज किए और 16 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई।


बाइक पर चार सवारों को रोककर पूछताछ करती काठगोदाम पुलिस।


रामनगर में तिरंगा यात्रा निकालते एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार


डीएसबी परिसर में तिरंगा रैली में मौजूद कुलपति प्रो. डीएस रावत व अन्य।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा यात्रा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल एवं 24 यूके गर्ल्स बटालियन अल्मोड़ा की इकाईयों ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली। एएनओ लेफ्टिनेंट डीएन जोशी व लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती के नेतृत्व में यात्रा महाविद्यालय से लखनपुर चुंगी, रानीखेत रोड व नगर भ्रमण कर वापस महाविद्यालय पहुंची।

इस दौरान कैडेट्स ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आम जन को जागरूकता संदेश दिया। रैली में कैडेट्स ने देशभक्ति के नारे लगाकर आजादी के अमृत महोत्सव का प्रचार-प्रसार किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सीनियर अंडर ऑफिसर सक्षम चौहान, ज्योति सती, श्रेया रावत, सुमित, खुशी, ज्योति राणा मौजूद रहे।

### डीएसबी परिसर में निकाली तिरंगा यात्रा

**नैनीताल :** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में कॉलेज के छात्र-छात्राओं और 79 बटालियन एनसीसी ने तिरंगा यात्रा निकाली। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर उनकी स्मृति में पौधरोपण भी किया। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। कुलपति ने कहा कि देश को आजाद कराने वाले सभी वीरों को सलाम है। इस दौरान निदेशक विजिटिंग प्रो. ललित तिवारी, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, प्रो. नीता बोरा, प्रो. हरीश बिष्ट, प्रो. आरसी जोशी, प्रो. पदम सिंह बिष्ट, प्रो. राजीव उपाध्याय, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. गीता तिवारी, डॉ. हिमांशु लोहनी मौजूद रहे।

































# समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं






















# कबड्डी में काशीपुर, खो-खो व फुटबॉल में हल्द्वानी जीता

▸▸ डीएवी स्कूल में हुए अंतरविद्यालयी क्लस्टर स्तरीय खेल

संवाददाता, हल्द्वानी



डीएवी स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली के तत्वावधान में हर वर्ष क्लस्टर, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसके तहत बुधवार को डीएवी स्कूल हल्द्वानी में एक दिवसीय क्लस्टर खेल प्रतियोगिताएं हुई। इससे पहले प्रधानाचार्य अमित जोशी और दर्पण स्कूल की प्रधानाचार्या मीनाक्षी जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान डीएवी काशीपुर, बाजपुर, रुद्रपुर और हल्द्वानी के स्कूलों के 220 खिलाड़ियों ने खो-खो, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, हॉकी, वॉलीबाल, कबड्डी और फुटबॉल में अगल-अलग वर्गों में ने दमखम दिखाया।

मनोज वर्मा, मोहन सिंह कोरंगा और मनमोहन बसेरा प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। खो-खो और फुटबॉल में टीम हल्द्वानी, वॉलीबाल में टीम काशीपुर तथा कबड्डी में टीम बाजपुर ने अपना-अपना मैच जीतकर जोनल में स्थान हासिल किया।

इस दौरान विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र दिए गए। प्रधानाचार्य अमित जोशी ने सभी विद्यार्थियों को उनके विशिष्ट खेल प्रदर्शन और खेल भावना के लिए शुभकामनाएं दी। खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में प्रशिक्षक दया किशन भट्ट और रीतिका जोशी ने योगदान दिया।

# युवक के खिलाफ युवती ने दर्ज कराया दुष्कर्म का मुकदमा

**रामनगर :** युवती से जबरन शारीरिक संबंध बनाने, गाली-गलौज करने और दहेज मांगने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को बताया कि अनस पुत्र अख्तर निवासी सरकारी स्कूल के पास पीपलसाना भोजपुर रामनगर ने उसके साथ शादी का रिश्ता होने की आड़ में जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

बताया कि आरोपी के परिजनों ने उसके परिजनों से कार और लाखों रुपये दहेज की मांग की है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि युवती के साथ दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने और आरोपी के परिजनों से दहेज मांगने पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ऑनलाइन आवेदन में गड़बड़ी, ज्ञापन सौंपा



तहसीलदार को ज्ञापन देते ओखलकांडा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** विकासखंड ओखलकांडा में तहसील बनने के बाद भी ऑनलाइन आवेदन करने पर ग्राम सभा टांडा, सुरंग, सुरई, रेखाकोट ग्रामसभा धारी तहसील के अन्तर्गत पट्टी च्यूरीगाड़ दर्शाता है।

इस संबंध में बीडीसी सदस्य रवि गोस्वामी व ग्रामीण, तहसीलदार खनस्यू से मिले। बताया कि चार ग्राम सभाएं तहसील खनस्यू पट्टी पटवारी क्षेत्र बिस्ज्यूला, रेखाकोट, चौगड़ पट्टी के अंतर्गत आती हैं पर जब कोई ऑनलाइन आवेदन करता है तो धारी तहसील के अन्तर्गत च्यूरीगाड़ पट्टी दर्शाता है। जिससे स्थायी प्रमाण पत्र, जाति निवास ईडब्लूएस की ऑनलाइन कार्यवाही समय में नहीं हो पा रही है। उन्होंने समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में रविंद्र गोस्वामी, बॉबी कुमार, बीडीसी सदस्य किशोर कुमार पलडिया, इंद्र सिंह, नीरज कुमार आदि शामिल रहे।



धारी में भाजयुमो की तिरंगा रैली में शामिल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा रैली

भीमताल, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ( भाजयुमो ) के जिला मंत्री विवेक डंगवाल के नेतृत्व में धारी मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख आशा रानी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, संजय नयाल, नारायण बिष्ट, महेंद्र बिष्ट, भवान बिष्ट, मोहन बिष्ट, चंदन बिष्ट, धन सिंह राणा, मदन परगाई समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।




























































# एस्ट्रो विलेज व गांधी आश्रम का कार्य जल्द हो पूरा

## डीएम वंदना ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश, प्राधिकरण सचिव व पर्यटन अधिकारी को बनाया नोडल अधिकारी



ताकुला में एस्ट्रो विलेज और गांधी आश्रम को लेकर अधिकारियों को निर्देश देतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

### ज्यूली गांव में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

डीएम वंदना ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय ज्यूली में जन सुनवाई के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने बिजली, पानी दैवीय आपदा से हो रहे नुकसान, सोलर लाइट और मौन पालन में हो रही समस्या के निस्तारण की मांग की। इस दौरान डीएम ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। जबकि अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए एसडीएम नैनीताल और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि कई गांव में लो-वोल्टेज की समस्या रहती है। जिस पर डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को नए ट्रांसफार्मर और लाइन का सर्वे कर 15 दिन के भीतर बिजली संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने को कहा। उन्होंने सड़कों की खराब हालत को लेकर पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को 15 सितंबर से हर हाल में मरम्मत का कार्य शुरू करने और एसडीएम को 20 सितंबर को कार्य सत्यापन की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने बुधवार को ताकुला में निर्माणाधीन एस्ट्रो विलेज और गांधी आश्रम का निरीक्षण किया।

उन्होंने मौके पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। डीएम ने केएमवीएन और विद्युत विभाग के अधिकारियों को 10 दिन के भीतर आश्रम में अवशेष विद्युत फिटिंग का कार्य करने और उरेड़ा को आश्रम के बाहर तथा मार्गों में सोलर लाइट लगाने के निर्देश भी दिए। साथ ही अनाशक्ति आश्रम के प्रतिनिधियों को गांधी ताकुला आश्रम को संचालित करने के लिए गांव के युवाओं को प्रशिक्षण देने की बात कही। जिसके लिए प्राधिकरण सचिव विजयनाथ शुक्ल और पर्यटन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया।

उन्होंने ताकुला गांव को एस्ट्रो विलेज के रूप में विकसित करने के लिए नामित अधिकारियों को एरीज से समन्वय कर संचालन की मानक प्रक्रिया और संस्था का चयन करने के निर्देश दिए। जिससे दोनों परियोजनाओं का समय से संचालन आरंभ किया जा सके।

उन्होंने आश्रम के आसपास साफ-सफाई और शौचालय निर्माण की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की मुख्य समस्या है, जिस पर डीएम ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को जल जीवन मिशन योजना का कार्य धीमी गति से करने वाले ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर नई प्रक्रिया से कार्य पुनः शुरू करवाने के निर्देश दिए।

# ग्राहक व दुकानदार में विवाद, हंगामा

- समर्थन में पहुंचे दोनों पक्षों के लोग भिड़े
- कोतवाली में देर रात जमकर हुआ हंगामा



कोतवाली में दोनों पक्षों के लोगों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** जूता खरीदने गए एक ग्राहक का दुकानदार से विवाद हो गया। जिसके बाद ग्राहक और दुकानदार के समर्थकों के बीच कोतवाली में जमकर हंगामा हुआ।

बुधवार की देर रात मल्लीताल बाजार स्थित एक फुटवेयर की दुकान पर स्थानीय व्यक्ति बेटी के साथ जूता खरीदने पहुंचा। जहां किसी बात को लेकर दुकानदार के साथ विवाद हो गया। ग्राहक, दुकानदार पर अभद्रता और उसकी बेटी के साथ गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंच गया। कुछ देर बाद ग्राहक के पक्ष में तमाम व्यापारी और हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता कोतवाली में धमक गए। जहां वह दुकानदार पर कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने दुकान पर जाकर सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो ग्राहक के आरोप निराधार निकले। जिसके बाद दुकानदार के पक्ष में भी तमाम व्यापारी उतर आये। बीच सड़क काफी हंगामा होने के बाद पुलिस किसी तरह दोनों पक्षों को लेकर कोतवाली पहुंची। वहां भी दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे को मारने पर उतारू दिखे। पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव कर किसी तरह हाथापाई रोकी।

कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि फिलहाल दुकानदार और ग्राहक का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।






कार्यक्रम के दौरान मंचासीन प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी व कार्यकर्ता।

# देश के विभाजन के लिए नेहरू व जिन्ना जिम्मेदार

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार :** भाजपा ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि देश का विभाजन तत्कालीन कांग्रेस नेता जवाहर लाल नेहरु व मोहम्मद जिन्ना की पद लोलुपता का कारण बना, जिसका दंश सैकड़ों देशवासियों को भुगतना पड़ा।

इस दौरान विभाजन का दंश झेलने वाले पीड़ित परिवारों के आश्रित भगवान सिंह, अंग्रेज सिंह, महेंद्र सिंह, मनोहर लाल, जगदीश लाल, रमेश चंद्र, दीनानाथ चावला, बासुदेव अरोड़ा, तिलक राज नारंग, राज रानी नारंग, अशोक कुमार, मुनीश्वर लाल, राजकुमारी, राकेश मोहन अग्रवाल, धर्मवीर शर्मा, रामलाल, अमृतलाल, गुलशन कुमार को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दीना नाथ चावला व संचालन जिला महामंत्री रंजन बर्गली ने किया। कार्यक्रम को विधायक दीवान सिंह बिष्ट, प्रदेश मंत्री राजेश नैनवाल, वीरेंद्र रावत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री विनीत अग्रवाल, निर्मला रावत, मनीष अग्रवाल, भगीरथ लाल चौधरी, रुचि गिरी शर्मा, मदन जोशी, घनश्याम शर्मा, वीरेंद्र पाल सिंह, आशीष ठाकुर, इंदर रावत, नरेंद्र शर्मा, भूपेंद्र खाती, गणेश रावत, संजय डोर्बी, जगमोहन सिंह बिष्ट, पूरन आदि मौजूद रहे।



एमएससी की कक्षाओं में छात्र-छात्राओं से संवाद करते कुलपति प्रो. दीवान सिंह।

# कुलपति ने एमएससी रसायन शास्त्र के छात्रों को दिए गुरु मंत्र

**नैनीताल, अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने डीएसबी परिसर में एमएससी रसायन शास्त्र के छात्रों की पहली क्लास ली। कुलपति ने छात्रों की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें विज्ञान और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके ज्ञान और शोध कौशल को भी बढ़ावा देती है। कुलपति प्रो. रावत पिछले दो सेमेस्टर से प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच छात्रों को पढ़ा रहे हैं।

उन्होंने छात्रों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए हैं। कुलपति की इस पहल से छात्रों को न केवल शैक्षणिक मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है। उनका यह कदम कुमाऊं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।















## एक नजर

### रूस के तीन क्षेत्रों के लिए भारतीयों को सलाह

मॉस्को। भारतीय दूतावास ने रूस के ब्रायंस्क, बेलगोरोद और कुर्स्क क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों समेत अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से चले जाने के लिए बुधवार को परामर्श जारी किया है। दूतावास ने रूस-यूक्रेन युद्ध के तेज होने के बाद इन क्षेत्रों में सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया है।

### पाकिस्तान में ईशनिंदा पर 25 साल की कैद

कराची। पाकिस्तान की एक अदालत ने खुद को पैगंबर घोषित करने के आरोप में एक व्यक्ति को ईशनिंदा के लिए 25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सिंध प्रांत में हैदराबाद में केंद्रीय कारागार में सुनवाई के बाद एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने मंगलवार को आरोपी को सजा सुनाई। आरोपी के नाम या धर्म का खुलासा नहीं किया गया। न्यायाधीश ने दोषी ठहराए गए व्यक्ति पर पांच लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया।

### महमूद अब्बास करेंगे एर्दोगन से मुलाकात

अंकारा। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के लिए बुधवार को अंकारा में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात करेंगे। तुर्की की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अब्बास के एर्दोगन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने और इस अवसर पर बुलाए गए आपातकालीन सत्र के दौरान तुर्की संसद को संबोधित करने की भी उम्मीद है।

### अश्वेत महिला को गोली मारने में अधिकारी दोषी

कोलंबस। अमेरिका के ओहायो में चोरी के संदेह में 21 साल की एक गर्भवती अश्वेत महिला ताकिया यंग को पिछले साल अगस्त में गोली मारने के मामले में एक पुलिस अधिकारी पर हत्या सहित अन्य आरोप तय किए गए हैं। यंग के एक दुकान से शराब की बोतलें चुराने का संदेह था, जिसके बाद ब्लेंडन टाउनशिप के एक पुलिस अधिकारी कोन्नोर ग्रब और उसके सहकर्मी ने उसकी कार का पीछा किया।

### बिम्सटेक में मिल सकते हैं मोदी और यूनुस

ढाका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार के मुखिया प्रो. मोहम्मद यूनुस से थाईलैंड में आगामी चार सितंबर को होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हो सकती है। बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली आधिकारिक बैठक होगी। थाईलैंड वर्तमान में बिम्सटेक के सात देशों के समूह का अध्यक्ष है।

### फ्रांस के दो राफेल लड़ाकू विमान टकराए

पेरिस। फ्रांस की सेना के दो राफेल लड़ाकू विमान बुधवार दोपहर को उत्तर-पूर्वी फ्रांस के विभाग मेरथे एट मोसेले में हवा में टकरा गए। फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने अपने एक्स अकाउंट पर दुर्घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पायलटों में से एक मिल चुका है और वह सुरक्षित एवं स्वस्थ है तथा अन्य की तलाश अभी भी जारी है। फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार, दो विमानों में से एक का पायलट टक्कर से पहले ही बाहर निकल गया, जबकि दूसरे विमान में मौजूद प्रशिक्षक और छात्र पायलट अभी भी लापता हैं।

# पाकिस्तान में दुकान पर ग्रेनेड फेंका, 3 की मौत

- स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी भवन और थाने पर आतंकी हमला

इस्लामाबाद/क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान के 77वें स्वतंत्रता दिवस से पहले संदिग्ध आतंकवादियों ने बलूचिस्तान प्रांत में राष्ट्रीय ध्वज बेचने वाली एक दुकान और एक घर पर ग्रेनेड से हमला कर दिया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। स्वतंत्रता दिवस 14 अगस्त को खैबर पख्तूनख्वा में चार स्थानों पर सरकारी भवनों और पुलिस थाने पर आतंकियों ने ग्रेनेड से हमले किए।

हिंसा प्रभावित बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में मंगलवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। कुछ दिन पहले ही इस समूह ने दुकान के मालिक को झंडा न बेचने और लोगों को 14 अगस्त को छुट्टी न मनाने की चेतावनी दी थी। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश के उत्तर-पूर्व में एक सैन्य अकादमी में दिए गए भाषण में आतंकवाद को हराने की प्रतिबद्धता जताई। मुनीर ने पाक तालिबान के हमलों को रोकने के लिए अफगानिस्तान से सहयोग मांगा। इस बीच, पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में बताया कि आतंकवादियों के एक समूह ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में चार सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी। सेना की जवाबी कार्रवाई में छह आतंकवादी भी मारे गए।

# शानदार हॉकी खिलाड़ी भी थे कैप्टन दीपक सिंह

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान भारतीय सेना के कैप्टन दीपक सिंह शहीद हो गए। यह घटना तब हुई जब मुठभेड़ शुरू होने के बाद भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया। प्रसिद्ध पर्यटक हिल रिसॉर्ट पटनीटॉप से सटे डोडा जिले के अस्सार इलाके में मुठभेड़ हुई। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए दो लोगों में से एक कैप्टन दीपक सिंह शहीद हो गए हैं।



जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ स्थल के पास खड़ा सेना का वाहन। मुठभेड़ में सेना कैप्टन और चार आतंकवादी मारे गए हैं। ● एजेंसी

### राष्ट्रीय राइफल्स में थे सिग्नल अधिकारी



कैप्टन दीपक सिंह भारतीय सेना की 48 राष्ट्रीय राइफल्स में सिग्नल अधिकारी थे। वे डोडा के अस्सार में शिवगढ़ धार में हमले का नेतृत्व कर रहे थे, जहां उन्हें आतंकवादियों के हमले में गोली लगी और वे शहीद हो गए। दीपक को युवा सेना सर्च ऑपरेशन टीम में एक कंपनी का नेतृत्व करने के लिए फील्ड मेजर बनाया गया था, जिसकी जिम्मेदारी उन्होंने बखूबी निभाई और खुद शहीद होने से पहले उन्होंने आतंकी को मार गिराया।

### 40 दिनों में सेना के 11 जवानों ने दी आहूति

अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हो गया है और अभियान जारी है। पिछले 40 दिनों में, जम्मू के डोडा और कठुआ जिलों में आतंकवादियों से लड़ते हुए सीआरपीएफ के एक जवान सहित ग्यारह सुरक्षा बल के जवानों ने प्राणों की आहुति दी है। अपनी जान देने वालों में सेना के दो कैप्टन भी शामिल हैं।

### सेना में 2020 में प्राप्त किया था कमीशन

देहरादून निवासी 25 वर्षीय कैप्टन दीपक सिंह, भारतीय सेना के 48 राष्ट्रीय राइफल्स में सिग्नल अधिकारी के पद पर थे। कैप्टन दीपक 13 जून 2020 को सेना में कमीशन हुए थे। वह क्विक रिएक्शन टीम का नेतृत्व कर रहे थे। यह टीम डोडा के जंगली इलाके अस्सर में छिपे आतंकियों की तलाश में जुटी थी। यहीं आतंकियों से मुठभेड के दौरान शहादत को प्राप्त हुए। शहीद कैप्टन दीपक सिंह एक शानदार हॉकी के खिलाड़ी भी थे।

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के घर में लगाई आग

## स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बच निकले घर के लोग, घटना के कुछ घंटे पूर्व यूनुस ने दिया था सुरक्षा का भरोसा



बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर जयपुर में निकाला गया विरोध मार्च।

- हसीना के अपदस्थ होने के बाद 48 जिलों में हुए 278 हमले

ढाका, एजेंसी

उत्तर पश्चिमी बांग्लादेश में दंगाइयों ने एक हिंदू परिवार के घर पर आग लगा दी, जिसका किसी राजनीतिक संगठन से को जुड़ाव नहीं था। शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर किए गए हमलों में यह सबसे ताजा हमला है। घटना मंगलवार शाम ठाकुरगांव सदर उपजिला के अक्छा यूनियन के अंतर्गत फराबाड़ी मंदिरपाड़ा गांव में हुई। इससे कुछ घंटे पहले अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चिंतित अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार दोषियों को सजा देगी।

वहीं बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस ने दावा किया कि पांच अगस्त को हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद से 48 जिलों में 278 स्थान पर हमले हुए हैं और उन्हें धमकाया गया है। अलायंस ने इसे हिंदू धर्म पर हमला करार दिया। अक्छा यूनियन परिषद (यूपी) के अध्यक्ष सुब्रत कुमार बर्मन ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने मंगलवार शाम को करीब 7:30 बजे ठाकुरगांव सदर उपजिला के अक्छा यूनियन के फराबाड़ी मंदिरपाड़ा गांव में कलेश्वर बर्मन के घर में आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया जिससे घर के लोग सुरक्षित निकलने में सफल रहे।

### हत्याओं में शामिल लोगों पर आईसीटी में मुकदमा

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बुधवार को कहा कि वह शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ हाल ही में हुए छात्रों के आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं में शामिल लोगों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में मुकदमा चलाएगी। अंतरिम सरकार के विधि सलाहकार डॉ. आसिफ नजरुल ने कहा कि सरकार ने इन घटनाओं की जांच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की निगरानी में कराने की तैयारी कर ली है। एक जुलाई से पांच अगस्त के बीच हुई हत्याओं की सुनवाई अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में होगी। हिंसा में बांग्लादेश में 230 से अधिक लोगों की मौत हुई थी।

### शेख हसीना के खिलाफ एक और मामला दर्ज

ढाका। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके मंत्रिमंडल के पूर्व मंत्रियों सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ वर्ष 2015 में एक वकील का अपहरण करने के आरोप में बुधवार को एक मुकदमा दर्ज किया गया। बांग्लादेश में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को लेकर अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को 76 वर्षीय हसीना के इस्तीफा देने और भारत चले जाने के बाद उनके खिलाफ यह दूसरा मुकदमा है। उच्चतम न्यायालय के वकील सोहेल राणा ने अपहरण के मामले में पीड़ित की ओर से अर्जी दायर की है। राणा के हवाले से कहा गया कि 10 फरवरी 2015 को मुझे उत्तरा के सेक्टर पांच से हिरासत में लेकर जबरन एक वाहन में बैठा दिया गया। जैसे ही मैं कार के अंदर घुसा, मेरे कानों और गुप्तांगों में बिजली के झटके देकर मुझे करीब-करीब बेहोश कर दिया गया।

# गाजा में हमले रोकने को अमेरिका हस्तक्षेप करे

- चीन ने कहा-जल्द रोका जाए नागरिकों का कत्लेआम

वाशिंगटन, एजेंसी

चीन ने अमेरिका से आग्रह किया है कि गाजा में सैन्य अभियान जल्द से जल्द रोकने और नागरिकों का कत्लेआम बंद करने के लिए वह इजरायल पर दबाव डालने का काम 'ईमानदारी और जिम्मेदारी' से करे। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कांग ने सप्ताहांत में गाजा शहर में अल-तबाईन स्कूल पर इजरायल के हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें 100 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए। यह टिप्पणी फिलिस्तीनी प्रश्न सहित मध्य पूर्व की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में की गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को सैन्य अभियानों का लक्ष्य नहीं बनाया जाना चाहिए। यह अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत एक लाल रेखा है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूलों पर हमला करना जहां बड़ी संख्या में नागरिक शरण ले रहे हैं, जघन्य कृत्य है। गाजा के लोग तत्काल और स्थायी युद्धविराम चाहते हैं।

### गाजा में इजराइली हवाई हमले में 17 मारे गए

यरूशलम। गाजा पट्टी पर पिछली रात और बुधवार को इजराइली हवाई हमले में पांच बच्चों एवं उनके माता-पिता समेत 17 लोग मारे गए। फिलीस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि ये हमले ऐसे वक्त हुए हैं जब 10 माह से जारी लड़ाई में संघर्ष विराम पर पहुंचने के लिए नई वार्ता शुरू हो रही है। अमेरिका, कतर और मिस्र को कोई समझौता हो जाने की आस है लेकिन महीनों से अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद भी संबंधित पक्षों के बीच कई मुद्दों पर फासला बना हुआ है।

**हिजबुल्लाह ने इजरालल पर रॉकेट दागे : बेरूत।** लेबनान के हिजबुल्लाह संगठन ने कत्युशा रॉकेटों से इजराइल के गोलानी ब्रिगेड बलों के बटालियन मुख्यालय माउंट नेरिया अड्डे पर हमला किया। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में मेरोन बेस पर दक्षिणी लेबनान से 20 से अधिक रॉकेट दागे।

# थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा को पद से हटाया



- अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने पर की कार्रवाई
- सजायाफ्ता को कैबिनेट में नियुक्त करने पर दोषी ठहराया

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की एक अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने के आरोप में बुधवार को प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को पद से हटा दिया। इससे एक सप्ताह पहले अदालत ने मुख्य विपक्षी दल को भंग कर दिया था। अदालत के आदेश ने थाई राजनीति में हलचल मचा दी है। संवैधानिक न्यायालय ने श्रेथा को एक कैबिनेट सदस्य की नियुक्ति को लेकर दोषी ठहराया जिसे अदालत के एक अधिकारी को रिश्वत देने के मामले में जेल की सजा हुई थी।

अदालत ने श्रेथा के खिलाफ 5:4 के बहुमत से फैसला दिया और प्रधानमंत्री को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। संसद जब तक नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं करती तब तक कैबिनेट कार्यवाहक आधार पर बनी रहेगी। संसद को इस पद पर नियुक्ति के लिए कोई समयसीमा नहीं दी गई है। कार्यवाहक कैबिनेट भी संसद को भंग कर सकती है और नए चुनाव करा सकती है। उम्मीद है कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री फेउ थाई पार्टी के फुमथम वेचयाचाई होंगे। फुमथम श्रेथा के अधीन पहले उप प्रधानमंत्री और वाणिज्यमंत्री थे। फेउ थाई पार्टी के पास दो योग्य उम्मीदवार हैं।

# किशिदा नहीं लड़ेंगे चुनाव, जापान को मिलेगा नया पीएम

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बुधवार को कहा कि वह सितंबर में प्रस्तावित सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष पद के चुनाव में किस्मत नहीं आजमाएंगे। किशिदा सितंबर 2021 में एलडीपी के अध्यक्ष चुने गए थे। उनका तीन साल का कार्यकाल इस साल सितंबर में खत्म हो रहा है। जापान के सरकारी टीवी चैनल 'एनएचके' की खबर के मुताबिक, किशिदा के एलडीपी अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर होने का मतलब यह है कि पार्टी प्रमुख निर्वाचित होने वाला अगला नेता देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी जगह लेगा, क्योंकि एलडीपी को जापानी संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल है।



**आजादी की उमंग...** जम्मू में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुधवार को एक स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज लहराते छात्र। इस दौरान उनका उत्साह-उमंग देखते ही बन रहा था।

### कोलकाता दुष्कर्म मामला

# ब्रिटिश भारतीय महिला चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला चिकित्सकों ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर भारत में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के साथ एकजुटता व्यक्त की। भारतीय मूल की इन डॉक्टरों, जिनमें से कई ने भारत में प्रशिक्षण लिया है, ने कोलकाता में युवती से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ब्राइटन स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की जेरियाट्रिशियन डॉ. दीप्ति जैन ने कहा कि पिछले सप्ताह की घटना के बाद से वह भयभीत हैं और चिकित्सा बिरादरी से उन्हें लगातार संदेश मिल रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# खान त्रिमूर्ति को लेकर फिल्म बनाएंगी कंगना



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री और फिल्मकार कंगना रनौत, खान त्रिमूर्ति को लेकर फिल्म बनाना चाहती हैं। कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की निर्देशक और निर्माता दोनों कंगना ही हैं। 'इमरजेंसी' के ट्रेलर रिलीज के मौके पर कंगना से पूछा गया कि क्या वह कभी खान त्रिमूर्ति सलमान, शाहरुख और आमिर के लिए भी फिल्म बनाना चाहेंगी। इस पर कंगना ने कहा कि वह तीनों के लिए फिल्म डायरेक्ट और प्रोड्यूस करना चाहेंगी। वह उनके लिए एक ऐसी फिल्म बनाना चाहेंगी, जिसमें तीनों की आर्टिस्टिक साइड और क्रिएटिव टैलेंट दिखे। तीनो खान ने फ़िल्म इंडस्ट्री को बहुत कुछ दिया है। इरफान खान भी मेरे पसंदीदा खान रहे हैं।

### निरहुआ का गाना 'तू अइला हमरा जिनगी में' रिलीज



मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दूबे का रोमांटिक गाना 'तू अइला हमरा जिनगी में' रिलीज़ हो गया है। 'तू अइला हमरा जिनगी में' सांग भोजपुरी फिल्म 'माई : प्राइड ऑफ भोजपुरी' का है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि दिनेश लाल यादव निरहुआ व भिखारी लोग के बीच रहते हैं और एक साधारण जीवन यापन कर रहे हैं। उन्हें देखकर आम्रपाली के दिल प्यार उमड़ पड़ता है। किंतु आम्रपाली को यह नहीं पता है कि निरहुआ भिखारी का जीवन जी रहे हैं। इस गाने को सिंगर स्निग्धा सरकार ने गाया है। इसके संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं, इस गीत को गीतकार प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है। इस फिल्म के निर्माता ज्योति देशपांडे और निशांत उज्ज्वल हैं। फिल्म के निर्देशक एवं म्यूजिक डायरेक्टर रजनीश मिश्रा हैं। इस फ़िल्म का म्यूजिक राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

### फिल्म सास ससुर बिन अंगना ना सोहे का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत और अभिनेत्री ऋचा दीक्षित की आगामी फिल्म सास ससुर बिन अंगना ना सोहे का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म सास ससुर बिन अंगना ना सोहे में सास-बहू के रिश्तों की उलझनों और बंटवारे के दंश को मानवीय दृष्टिकोण से दर्शाया गया है। इस फिल्म का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता विनय सिंह और अनंत सिंघल हैं, जबकि फिल्म के निर्देशक कन्हैया एस. विश्वकर्मा हैं। विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि इस फिल्म की कहानी बेहद मजबूत है और यह दर्शकों को रिश्तों की अहमियत को समझाने का काम करेगी। इसमें एक बहू और उसके ससुराल के रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, वह हर घर की कहानी हो सकती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को अपने दिल से लगाएंगे और इससे जुड़ाव महसूस करेंगे।

# सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया के पूर्वी देइर अल-जौर प्रांत में मंगलवार रात अमेरिकी सैन्य अड्डे को निशाना बनाकर रॉकेट हमला किया गया, जिसमें किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। मानवाधिकार निगरानी समूह 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के अनुसार, कोनोको गैस प्लांट के पास अमेरिकी सैन्य अड्डे पर विस्फोटों की आवाज सुनी गई। उसने बताया कि जब हमला हुआ तो पूरे अड्डे पर खतरे के अलार्म बजने लगे। ऑब्जर्वेटरी ने बताया कि हमला ईरान समर्थक लड़ाकों ने किया था। हमले के बाद अमेरिका समर्थित कुर्द नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) ने पश्चिमी देइर अल-जौर में ईरान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ जवाबी गोलाबारी शुरू की। एसडीएफ ने यूफ्रेट्स नदी के पश्चिमी तट पर इन लड़ाकों को निशाना बनाने के लिए भारी मशीनगनों का इस्तेमाल किया। इन झड़पों में किसी के हताहत होने की तत्काल पुष्टि नहीं हुई है।

# यूक्रेन की घुसपैठ से हो रही दुविधा : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की घुसपैठ वास्तविक रूप से दुविधा पैदा कर रही है। बाइडेन ने मंगलवार को यूक्रेन की ओर से किए गए हमले को लेकर कहा कि मैंने पिछले छह या आठ दिनों में नियमित रूप से, शायद हर चार या पांच घंटे में अपने कर्मचारियों से बात की है। यह पुतिन के लिए वास्तविक रूप से दुविधा पैदा कर रहा है। हम यूक्रेन के लोगों के साथ सीधे संपर्क में हैं, लगातार संपर्क में हैं। इससे पहले अमेरिका के विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के सैन्य अभियान के किसी भी पहलू में शामिल नहीं था।

विगत छह अगस्त को 1,000 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों ने रूस की सीमा पार की और कुर्स्क क्षेत्र में आक्रमण शुरू किया और कई गांवों पर कब्जा कर लिया। उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन ने बड़े पैमाने पर उकसावे की कार्रवाई की है।



- कुर्स्क क्षेत्र में सैन्य अभियान से अमेरिका ने खुद को किया अलग

### रूस के बेलगोरोद में आपातकाल की घोषणा

मॉस्को। रूस ने बेलगोरोद क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा की है। क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बुधवार को कहा कि बेलगोरोद क्षेत्र में स्थिति बेहद कठिन और तनावपूर्ण बनी हुई है। यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा दैनिक गोलाबारी की जा रही है, घरों को नष्ट कर दिया है, कई लोग मारे हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। इसी वजह से हम आज से बेलगोरोद क्षेत्र में क्षेत्रीय आपातकाल घोषित करने का निर्णय ले रहे हैं।

### यूक्रेन के हमलों को विफल कर दिया : रूस

कीव। रूस ने कहा है कि उसके बलों ने यूक्रेन के सैनिकों की ओर से कुर्स्क क्षेत्र में एक सप्ताह से जारी आक्रमण का जमकर मुकाबला किया और उन्हें विफल कर दिया। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि कीव का रूसी क्षेत्र पर कब्जा करने का कोई इरादा नहीं है। रूस के रक्षा ने कहा कि रूसी सेना, विमान, ड्रोन आदि ने यूक्रेन की बख्तरबंद गाड़ियों को ओबशची कोलोदेज, स्नागोस्ट, कौचुक और एलेक्सेयेव्स्की की कुर्स्क बस्तियों के पास रूस में अंदर तक बढ़ने से रोक दिया।